वर्ष : 06 अंक : 282
बोकारो
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया
गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## रामनवमी पर राममय हुई रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा में दिखा उल्लास

संवाददाता

**रांची।** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गयी। शहर भगवा झंडे से सजा हुआ है। रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गईं। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इन सबके बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा भी करते हैं।

इधर, श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति की यह यात्रा मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यह घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर के पास भवानीपुर का मिलन हुआ। वहां से बीएनएस क्लब कन्या पाठशाला, रविदास मोहल्ला होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ।

## प्रधानमंत्री ने देखा रामलला का सूर्य तिलक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी।प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य



तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

## एक नजर

### नदी में नहाने गईं दो बच्चियों की मौत

**चतरा।** रामनवमी के दिन बुधवार को चतरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूब गईं, जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। उसी गड्ढे में हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव की रहने वाली पांच बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं और डूबने लगीं। तीन बच्चियों को तो बचा लिया गया लेकिन दो की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान शिवानी कुमारी (10) और देवंती कुमारी (6) के रूप में हुई है।

### झामुमो नेता नजरूल इस्लाम पर प्राथमिकी

**साहिबगंज ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी (42/24) दर्ज की गयी है। ज्ञातव्य है कि 14 अप्रैल को साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## लोकसभा की 102 सीटों पर थमा प्रचार

### पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री और कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के 21 राज्यों और केंद्रीय शासित प्रदेशों में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का पहला चरण होगा जिसके तहत 102 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की आस लगाये बैठे हैं।

गडकरी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से और 2019 के चुनावों में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वर्तमान प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दूसरी बार लगातार नागपुर सीट से विजयी बनाया था। केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं।

52 वर्षीय भाजपा नेता 2004 से तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अरुणाचल पश्चिम लोकसभा सीट पर रीजीजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश




इकाई के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट कटने के बाद राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद है, जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के हरेंद्र मलिक और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल और दो बार के सांसद जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की उम्मीद लगाये हुए हैं। केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव को राजस्थान की अलवर लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। यादव का मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव से है। अलवर सीट से मौजूदा सांसद बालक नाथ का टिकट कट गया है।

राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से है। तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर द्रमुक सांसद एवं पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा का मुकाबला भाजपा के एल मुरुगन से है जो केंद्रीय मत्स्य राज्य मंत्री हैं। मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम कांग्रेस के टिकट पर पुनः मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति के पिता, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम शिवगंगा लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने गए थे।

## सड़क हादसा में 10 लोगों की मौत

- टैंकर में पीछे से टकराई कार, हादसे में कार के परखच्चे उड़े
- दो लोगों का इलाज के दौरान मौत

एजेंसी

**नडियाद।** अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर नडियाद के समीप भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे पर टैंकर के पीछे तेज रफ्तार में आ रही कार सीधे टैंकर के पीछे जा टकराई। यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। नडियाद के समीप अपने से आगे जा रहे टैंकर से कार तेज रफ्तार में जा टकराई। इसके बाद पूरा हाइवे चीख-पुकार से गूंज उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे हाइवे के समीप थे, इसी दौरान जोरदार आवाज सुनकर सभी घटनास्थल पर पहुंच गए। यहां एक टैंकर के पीछे कार अंदर जा घुसी थी।

क्रेन बुलाकर किसी तरह कार को बाहर निकाला गया। कार से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। बाकी दो लोगों को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों की पहचान के लिए उनके पास से मिले आधार कार्ड के जरिए जांच कर रही है।

## पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के कमांडर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से देशी कट्टा, गोली और अन्य सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पीएलएफआई के इन उग्रवादियों को रनिया के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पीएलएफआई उग्रवादियों के नाम हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन (24) और प्रकाश प्रमाणिक (34) हैं।

पुलिस के अनुसार खूंटी एसपी को सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के जलमादी गंजना के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का एरिया कमांडर हर्षद गुडिया उर्फ बोयदा पाहन अपने संगठन के सीनियर एवं

### देशी कट्टा, गोली और अन्य सामान बरामद



जोनल कमांडर के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन को स्थापित करने के लिए स्थानीय ठेकेदारों से लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने की साजिश रच रहे हैं।

खूंटी एसपीअमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अगुवाई में एक छापामारी दल गठन किया। इस दल ने मंगलवार की रात को जलमादी से गंजना जाने वाली पक्की सड़क के किनारे जंगल में छापेमारी की। इस दौरान एक सफेद एवं नीले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन (24) और प्रकाश प्रमाणिक (34) को गिरफ्तार कर लिया। घने जंगल और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पीएलएफआई का जोनल कमांडर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

इस संबंध में रनिया थाना में कांड सं 14/24 दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 385/366/367/34/120, आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बीए/26/35) एवं सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे: गृह मंत्री



छत्तीसगढ़ के कांकेर में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली, इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए थे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। बहुत कम समय में मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे।

### उज्बेकिस्तान गए थल सेनाध्यक्ष ने लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

## दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर गए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने दोनों सेनाओं के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने के पहलुओं पर उन्होंने उज्बेकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता की। जनरल मनोज पांडे ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को ताशकंद में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने उज्बेकिस्तान सशस्त्र बलों के प्रथम उप रक्षा मंत्री और सीजीएस मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुक्रत गैरत जेनोविच के

### पांडे ने ताशकंद में सशस्त्र बल संग्रहालय का भी दौरा किया

### सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श



साथ बातचीत की। सीओएएस ने उज्बेकिस्तान के उप मंत्री और वायु एवं वायु रक्षा बलों के प्रमुख मेजर जनरल बुरखानोव अहमद जमालो विच से भी मुलाकात करके दोनों सेनाओं के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसके बाद जनरल मनोज पांडे ने ताशकंद में सशस्त्र बल संग्रहालय का दौरा किया, जहां उज्बेकिस्तान के विभिन्न ऐतिहासिक युगों से संबंधित सैन्य प्रदर्शनियां प्रदर्शित की गई हैं। यात्रा के दौरान सीओएएस को उज्बेकिस्तान के समृद्ध सैन्य इतिहास और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने सीजीएस के साथ ताशकंद में विक्ट्री पार्क का भी दौरा किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध में उज्बेकिस्तान के योगदान और बलिदान की याद दिलाता है। सेंटर फॉर इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज एलएलसी की यात्रा के दौरान उज्बेकिस्तान की रक्षा औद्योगिक एजेंसियों के निदेशकों के साथ बातचीत की। इस सैन्य औद्योगिक परिसर को अनुसंधान और तकनीकी आधुनिकीकरण से तैयार किया गया है।

यात्रा के दौरान जनरल मनोज पांडे ने उज्बेकिस्तान सशस्त्र बल अकादमी के सीजीएस और प्रभारी डी'एफेयर आरिफ सईद के साथ उज्बेकिस्तान सशस्त्र बल अकादमी का दौरा किया और सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। सीओएएस ने अकादमी में नई सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) लैब का उद्घाटन किया, जिसे भारतीय सहायता से स्थापित किया गया है।

# राममय हुई राजधानी, हर तरह दिखा रामभक्तों के भक्ति का सैलाब

वरीय संवाददाता

**रांची।** कही पे झंडा निला, कहीं पर झंडा लाल है इस झंडे को रोकने वाला कौन माई का लाल है, बोलो-बोलो बजरंगबली की जय, राम जी की निकली सवारी, जय श्री राम के जयकारों से पूरी राजधानी राममय हो गई थी। जहां शोभा यात्रा में शामिल भक्त रामलखन जानकी जय बोलो हनुमान की, जय- जय श्री राम के जयकारों के साथ बुधवार को श्री महावीर मंडल के तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

इसमें शामिल राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जहां भक्त अपने हाथों में महावीरी छोटे-बड़े झंडे लेकर ताशा, ढोल की गड़गड़ाहट के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन और खेल का कर्तव्य दिखाकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा कई संगठनों की ओर से कई झांकियों को भी शोभा यात्रा में शामिल किया था। इसके अलावा महिलाएं भी काफी संख्या में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए नारी शोभा यात्रा में शामिल होकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

जगह-जगह पर शोभा यात्रा का स्वागत शर्बत, फल, पानी, चना, आईस्क्रीम, तारबूज के साथ किया गया। शोभा यात्रा बजरा, बनहौरा, पंडरा, पिस्का मोड़, रातु रोड, महावीर चौक, शहीद चौक, होते हुए मेन रोड पहुंची। जहां पर अपर बाजार, मारवाड़ी टोला, कचहरी रोड की शोभा यात्रा के साथ मिलान हुआ। इसके बाद शोभा यात्रा अलबर्ट एक्का चौक पहुंची जहां पर लालपुर, कोकर, थड़पखना की शोभा यात्रा से मिलान हुआ। वहां से सभी शोभा यात्रा सर्जन चौक, काली मंदिर मेन रोड होते हुए तपोवन मंदिर पहुंची जहां पर झंडा पूजन के साथ अखाड़ेधारियों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। इसके बाद वहां से जुलूस वापस अपने-अपने मार्ग से अपने गणतव्य की और देर रात तक लौटा।



## भगवान श्री राम के मधुर नाम से गूंज उठा मोराबादी मैदान



**रांची।** श्री राम नवमी के मंगल अवसर पर इस्कॉन रांची द्वारा मोराबादी मैदान में भव्य नगर संकीर्तन निकाला गया । इस नगर संकीर्तन में इस्कॉन के भक्तो ने भारी संख्या में श्रद्धा से भाग लिया और झूमते नाचते हुए भगवान राम के नाम का कीर्तन किया और साथ ही रामायण और भगवद्गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों का वितरण किया। मधुर कीर्तन से सारा वातावरण भक्ति मय हो गया । इस्कॉन रांची के प्रबंधक श्रीमान मधुसूदन मुकुंद दास ने सभी रांची वासियों को रामनवमी की मंगल बधाई दी और साथ ही सभी रांची वासियों की मंगल कामना के लिए भगवान श्री रामचंद्र से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि कलि के इस युग में केवल भगवान का शुद्ध नाम ही हमे इस भवसागर से पार लगा सकता है । उन्होंने कहा अगर हम सच में राम राज्य की कामना करते है तो हमे भगवान श्री राम के दिखाए गए मार्गो पर चलना होगा और अपना आध्यात्मिक जीवन सफल बनाना होगा ।

## श्री महावीर मंडल ने किया उपायुक्त का स्वागत



**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची की ओर से उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, लॉ एंड एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक का स्वागत मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा द्वारा किया गया।

## श्री सनातन महापंचायत ने निकाली 251 झंडा के साथ शोभा यात्रा



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत की ओर से रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा 251 राम पताका के पारंपरिक पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली। इसमें बजरा, पंडरा, पिस्का मोड, सहित विभिन्न अखाड़ों से आए हजारों राम भक्त के साथ ढोल ताशे एवं अस्त्र-शास्त्र करतब दिखाते हुए शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा ललित नारायण ओझा जी के नेतृत्व में निकली जिसमें डॉ आशा लकड़ा, संजय सेठ, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, संजय कुमार जायसवाल, महावीर दीपक ओझा सहित कई अन्य भक्त शामिल रहे। श्री सनातन महापंचायत ने सभी सेवा शिविर को भी सम्मानित किया।

## राजधानी में दिखा कौमी एकता का रंग



**रांची।** राजधानी में रामनवमी के मौके पर कौमी एकता की मिशाल देखने को मिली जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने दिल्ल खोलकर रामनवमी की शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसमें धौताल अखाड़ा, डेली मार्केट दुकानदार एसोसिएशन के अलावा कई अन्य संगठन के सदस्य शामिल थे।



मां काली की सजीव झांकी शोभा यात्रा में रही आकर्षण का केंद्र

## श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति ने निकाली नवमी शोभा यात्रा

संवाददाता

**रांची।** रामनवमी के मौके पर श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति की तत्वावधान में मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में भव्य शोभा निकाली गई। शोभा यात्रा घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोचा होते हुए शांति रानी स्कूल विद्युत बोर्ड कॉलोनी कुम्हार टोली 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची।

दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड, होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर, के पास भवानीपुर का मिलन हुआ वहां से कन्या पाठशाला होते हुए रविदास मोहल्ला, मिस्त्री मोहल्ला होते हुए यूनिसेफ पहुंची।

एजी कॉलोनी से शोभायात्रा निकाली गई जो जेएमजे, मुंशी मोहल्ला, स्टाफ क्वार्टर, होते हुए ए जी मोड़ से मिसकोट मैदान कटहल मोहला झंडा चौक बाजार मोहल्ला को लेते हुए मस्जिद रोड से यूनिसचौक पहुंची वहां से सभी शोभा यात्रा जैन मंदिर से तुलसी चौक से घाघरा शोभा यात्रा का मिलन होते हुए तपोवन मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद पश्चात सभी अखाड़े धारी अपने अपने विभिन्न परंपरागत मार्गो से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर लौट गए।



शोभा यात्रा में बजरंगबली के जयकारों के साथ अस्त्र- शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। जहां हजारीबाग और झालदा धनबाद बोकारो से आए ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### महावीर मंडल कुसाई की झांकी को सर्वश्रेष्ट पुरस्कार मिला

महाअष्टमी झांकी प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल कुसाई को सर्वश्रेष्ट पुरस्कार श्री महावीर मंडल कुम्हार टोली को प्रथम पुरस्कार श्री महावीर मंडल रविदास मोहल्ला को द्वितीय पुरस्कार श्री महावीर मंडल आदिवासी अखाड़ा मनी टोला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। शोभा यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता मनोज वर्मा सुरेश प्रसाद राकेश पाल अंकित सिंह उमेश बर्मन मनोज नायक योगेश्वर दुबे दीपक राम मैनेजर प्रधान अलख निरंजन दीपू वर्मा जयदेव घोष शुभम वर्मा बिटु रोहित ठाकुर मुकेश ठाकुर महेश विजय शंभू गुप्ता शुभम श्रीवास्तव संजय वर्मा रमेश गुप्ता डिंपल नाग अनिल प्रधान रवि साव संतोष कुमार, राज कुमार सीन्टू रवि साव आदि उपस्थित थे।



## महिलाओं ने रांची की सड़को पर करतब दिखाकर भक्तों को मन मोहा

## तपोवन मंदिर में लगी थी भक्तों की लंबी कतार तेज धूप के बाद भक्तों ने की पूजा-अर्चना



संवाददाता

**रांची।** मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर राजधानी का तपोवन मंदिर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा था।

यहां अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे सूर्य का तापमान चढ़ रहा था। वैसे-वैसे भक्तों की भीड़ पूजा-अर्चना करने के लिए बढ़ रही थी।

जहां पर भक्तों नें पक्तिबद्ध होकर पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर महावीरी पताकों से पूरा मंदिर परिसर सजाया गया था। मंदिर के बाहर मेले लगाया गया था मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण ने सभी को रामवनमी की बधाई और शुभकामनाएं दी और इस साल के रामनवमी को बेहद खास बताया की 500 वर्ष के बाद प्रभू राम टाट से अपने मंदिर में विराजमान हुए है। उसके बाद ये पहली रामनवमी है। इस लिए ये सब के लिए बेहद खास है। इस मौके पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए थे।

### विधायक सरयू राय को ग्रामीणों ने लिखा पत्र

## विधायक ढुल्लू महतो से जमीन वापस कराने और सुरक्षा की लगाई गुहार

संवाददाता

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी के कतिपय कारनामों से अवगत करना चाहता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा के घोषित प्रत्याशी बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी हैं। वहीं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के लेदीडुमर गांव (मौजा संख्या 116) के किसानों ने दो दिन पहले उन्हें पत्र लिखकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। पत्र के माध्यम से किसानों का कहना है कि इस संबंध में वे धनबाद के उपायुक्त और झारखंड के माननीय राज्यपाल को भी क्रमशः 17 अक्टूबर 2022 और 23 मार्च 2022 को अवगत करा चुके हैं। उनके और आस-पास के कतिपय





गांवों की 50 एकड़ से अधिक रैयती जमीन और इससे अधिक सरकारी जमीन पर विधायक ढुल्लू महतो ने जबरन कब्जा में लेकर घेराबंदी कर दिया है। जिसके भीतर के ह्यपुना महतो सेवा संस्थानह्ण के बैनर तले, कौशल विकास केन्द्र चला रहे हैं। चहारदीवारी के भीतर गांव का सार्वजनिक मंदिर भी है। किसानों ने अपने पत्र में जिसे उन्होंने धनबाद के उपायुक्त को दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को लिखा है और बाद में माननीय राज्यपाल झारखंड को उन्होंने दिनांक 23 मार्च 2022 को पत्र भेजकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। बताया है कि बाघमारा अंचल के लेदीडुमर (मौजा सख्या 116), चिटाही एवं दरिदा (मौजा संख्या 120) के साथ ही मुराईडीह गांव के रैयतों की पुस्तैनी जमीन पर बाघमारा विधायक ने जबरन कब्जा कर लिया है। जब वे अपना हक मांगते हैं तो उन्हें धमकी मिलती है। साथ ही झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाता है। ग्रामीणों का पुस्तैनी हनुमान मंदिर, सरकारी तालाब, सरकारी चापाकल, सरकारी जमीन तथा कतिपय आदिवासी जमीन को भी विधायक जी ने अपने कब्जा में ले लिया है। धनबाद के उपायुक्त को प्रेषित पत्र में जो विवरण उन्होंने दिया है। ग्रामीणों ने उन्हें प्रेषित पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इसके लिए इन्होंने 17 अक्टूबर 2022 को उपायुक्त, धनबाद के कार्यालय के समक्ष तथा दिनांक 23 मार्च 2022 को झारखंड के माननीय राज्यपाल महोदय के कार्यालय के समक्ष अर्द्धनग्न प्रदर्शन भी किया था। परंतु उन्हें न्याय नहीं मिला। पत्र में किसानों ने लिखा है कि हमलोगों की जो जमीन विधायक जी ने हथिया लिया है।

## कल्पना सोरेन ने दी श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं

संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने बुधवार को श्रीरामनवमी पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की कविता को उद्धत करते हुए लिखा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू। मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की। सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्री राम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। जय जय सिया राम।इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया।

उन्होंने कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्री राम भगवान ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। जिस तरीके से शक्तिशाली होते हुए भी उन्होंने हमेशा धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी है, हमेशा ज्ञानी होने के बावजूद, ज्ञान पाने की तत्परता दिखायी थी और जिस प्रकार से युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर भी उन्हें सम्मान के दृष्टि से देखा था। आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है।

## एक नजर

### बोकारो थर्मल में झांकी के साथ निकाला गया जुलूस



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल में रामनवमी को लेकर बुधवार को सभी अखाड़ों मुर्गी फार्म, गोविंदपुर बस्ती, बाजारटांड़, नई बस्ती,पंच मंदिर, लहरिया टांड़, सिक्स यूनिट के महावीरी झंडों के साथ जय श्री राम के गगनभेदी नारों एवं डीजे, ढोल, बाजे की धुन पर भव्य एवं आकर्षक जुलूस एवं झांकी निकाली गयी। सभी अखाड़ों के झंडे एवं झांकी बोकारो थर्मल महावीर मंदिर, रेलवे स्टेशन होकर बोकारो क्लब मैदान पर पहुंच सभी का मिलन हुआ। मैदान में सभी अखाड़ों के करतब बाजों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया तथा झांकी की प्रस्तुति की। मुर्गी फार्म की झांकी को लोगों ने काफी सराहा। जुलूस में शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। जुलूस के रास्तों में जुबली पार्क, बीओआई, रेलवे स्टेशन, रेलवे गेट आदि स्थानों पर जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया तथा जुलूस में शामिल सभी को शरबत विभिन्न संगठनों की ओर से पिलाया गया। शांतिपूर्वक जुलूस को लेकर स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों की ओर से सुरक्षा को लेकर व्यापक पैमाने पर व्यवस्था की गयी थी।

### जनसेवक क्रांतिकारी संघ ने बीजीएच के सहयोग से लगाया रक्तदान शिविर



**बोकारो :** जनसेवक क्रांतिकारी संघ की ओर से बोकारो जेनरल अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य थैलेसीमिया के मरीज को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। आज के रक्तदान शिविर में बीजीएच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में बीजीएच के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि रक्त दान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है और कहा कि 18 साल से 60 साल तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान शिविर में बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के एडिशनल मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार, काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार) एवं रक्त केन्द्र के सहकर्मी सिस्टर रंजीता एक्का, राजेश, कौशल, लैब टेक्निसियन पिंकी, विभूतिका उपस्थित रहे।

### दो बाईकों की टक्कर में एक युवक गंभीर



**बोकारो :** बोकारो के एनएच 23 ऋतुडीह के निकट बुधवार शाम करीब सात बजे दो बाईकों की टक्कर में 22 वर्षीय अभिनंदन कुमार बुरी तरह जख़्मी हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि घायल युवक सिटी थाना अंतर्गत जोशी कॉलोनी के निकट स्थित भरत कॉलोनी का रहने वाला है। अपनी बाइक से रामनवमी जुलूस के दौरान सड़क पर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। इस घटना में युवक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगी है।

# रामनवमी पर राममय हुआ बोकारो

## जय श्री राम-जय हनुमान के गगनभेदी नारों से गूंजा इलाका



संवाददाता

**बोकारो :** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पावन पर्व रामनवमी बुधवार को बोकारो, उपशहर चास सहित पूरे जिले में पूरे धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। शहर से गांव तक जगह-जगह भव्य जुलूस निकाले गए। एक तरफ जहां मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा, वहीं दूसरी तरफ जोशो-खरोश भी परवान पर दिखा। जुलूस के दौरान युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पारम्परिक अस्त्र-शस्त्र चलाने की कला प्रदर्शित की। उनके हैरतअंगेज कारनामे देख लोग दांतों तले उंगली दबाने को विवश हो गए। माथे पर भगवा साफा, कंधे पर केसरिया अंगवस्त्र ओढे तथा गाड़ियों पर महावीरी पताका लहराते हुए युवा जहां बेतहाशा रफ्तार में वाहन दौड़ाते देखे गये, वहीं डीजे की धमक से मिश्रित रामभजनों पर वे थिरकते-नाचते नजर आये। इधर, रामनवमी पर इस्पातनगरी की फिजा में हर तरफ जय श्री राम के गगनभदी नारे ही गूंजते रहे और पूरा शहर चारों तरफ महावीरी झंडों से पटा रहा। हरेक चौक-चौराहा, गोलंबर, गली-मुहल्ला और तमाम बिजली के खंभों पर राम-हनुमान के चित्र वाले भगवा झंडे और पताके लहराते रहे।

### अहले सुबह से ही तैयारी में जुट गए श्रद्धालु

रामनवमी की तैयारी को लेकर सुबह से ही शहरवासी जुट गए। महिलाएं जहां पूजा की थाल लिए मंदिरों में जाती दिखीं, वहीं दूसरी ओर पुरुष बांस, झंडा आदि की खरीदारी में व्यस्त रहे। कोई साइकिल, कोई चारपहिया, तो कोई बाइक पर बांस खरीदकर जाते दिखा। लोगों ने अपने वाहनों में भी बड़े ही शौक से महावीरी झंडे लगाए। मंदिरों के बाहर भारी तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सेक्टर 3 स्थित थाना मोड़ में संकट मोचन हनुमान मंदिर, सेक्टर - 1 के श्री राम मंदिर, चास में जोधाडीह मोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित चास-बोकारो के समस्त मंदिरों में रामनवमी की धूम रही और लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम और हनुमान की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। सेक्टर-1 स्थित श्रीराम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगनी शुरू हो गयी, जो देर रात तक लगी रही। हजारों-लाखों लोगों ने महावीरी ध्वज व पताके अपने घरों में विधिवत पूजन के साथ स्थापित किया।

### जोशो-खरोश से निकले जुलूस हैरतअंगेज कारनामों ने मोहा

बोकारो में सिटी पार्क स्थित अखाड़ा, बजरंग विजय अखाड़ा, चास के श्रीराम अखाड़ा सहित रितुडीह, सेक्टर- 8, 9, सेक्टर-12, 4 और विभिन्न जगहों के अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। गाजेबाजे के साथ जुलूस निकले और लोगों ने हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। सेक्टर-3 के थाना मोड़ में भी अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन कर करतब दिखाए गए। विभिन्न अखाड़ा समितियों के जुलूस का शाम को सेक्टर-1 स्थित श्रीराम मंदिर गोलम्बर पर मिलन हुआ। वहां युवाओं के साथ-साथ कुछ बच्चों और बुजुर्गों ने भी पारम्परिक अस्त्र-शस्त्र चलाने की कला प्रदर्शित की। लाठी, डंडा, तलवार, भाला व अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का अद्भुत प्रदर्शन कर उन्होंने दांतों तले उंगलियां दबाने पर विवश कर दिया। दूसरी ओर, माथे पर भगवा साफा, कंधे पर केसरिया अंगवस्त्र ओढे तथा गाड़ियों पर महावीरी पताका लहराते हुए युवा जहां बेतहाशा रफ्तार में वाहन दौड़ाते देखे गये, वहीं डीजे की धमक से मिश्रित रामभजनों पर वे थिरकते-नाचते नजर आये।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस

शहर में भक्तिमय माहौल के साथ-साथ प्रशासनिक मुस्तैदी भी दुरुस्त रही। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक में चौक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। पूर्व में जारी सख्त दिशा-निर्देश के आलोक में जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर प्रतिनियुक्त किये गए दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा का मोर्चा संभाले रखा। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे व कई ड्रोन कैमरों से निगहबानी होती रही। डीसी विजया जाधव ने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी और ड्रोन से मिलनेवाले फुटेज के जरिए स्थिति का जायजा लिया। डीसी श्रीमती जाधव एवं एसपी पूज्य प्रकाश सहित अन्य कई अधिकारियों ने खुद जुलूस का जगह-जगह जायजा लिया तथा लोगों से शान्ति बनाये रखने की अपील की। रामनवमी में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई दिनों से प्रशासनिक तैयारियां चल रही थीं।

## महावीरी पताके के साथ कसमार में श्रद्धालुओं ने निकाला जुलूस



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के विभिन्न गांवों में बुधवार को रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कसमार चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के अलावा मोचरो, कसमार, मंजुरा, गर्री, तेलमुंगा, बगदा, खैराचातर, सिंहपुर, सुरजुडीह, दांतु, मोचरो, धधकिया व अन्य सभी गांव में महावीर बजरंगबली की पूजा-अर्चना की गई। कसमार में दोपहर बाद महावीर मंदिर परिसर से महावीरी झंडे के साथ श्रद्धालुओं ने जुलूस व झांकी निकाली जो दुर्गा मंडप, रजवार टोला, गोस्वामी टोला, मुख्यपथ बाजार टांड, कसमार प्रखंड मुख्यालय तक गयी। जुलूस के साथ जगह- जगह महावीरी झंडे की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने की. जुलूस में शामिल लोग लाठी, तलवार, भाला व अन्य परम्परागत हथियारों से लैस थे। जगह-जगह लाठी खेल व तलवारबाजी का करतब कलाकारों ने दिखाया। सभी लोग माथे पर केसरिया पट्टी बांधकर रामलखन जानकी जय बोलो हनुमान की, जय श्री राम के नारे लगा रहे थे।

इस अवसर पर जगह-जगह विभिन्न अखाड़ों द्वारा शरबत, गुड़ व चना का भी व्यवस्था की गई थी। इधर जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए कसमार बीडीओ अनिल कुमार, सीओ सुरेश कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी भजनलाल महतो के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस बल जगह जगह तैनात किया गया था। इसके अलावा कसमार प्रखंड के अलग अलग गांव में भी महावीरी झंडे के साथ श्रद्धालुओं ने जुलूस निकाली। इससे पूर्व बुधवार सुबह से ही प्रशासन की टीम अलग अलग जुलूस के स्थान एवं मंदिरों में तैनात थी। इस अवसर पर कसमार में बजरंग अखाड़ा समेत अलग अलग गांव में अखाड़ों की ओर से लाठी खेल के साथ साथ कसमार मेन रोड में शरबत, गुड़, चना व प्रसाद का वितरण भी किया गया।

चास में जैन धर्मावलंबियों का आठ-दिवसीय अनुष्ठान संपन्न

## तेरापंथ के इतिहास में भी रामनवमी का है विशेष महत्व : समणी मधुर



संवाददाता

**बोकारो :** चास के माणकचंद जी छल्लानी निवास में अपने आध्यात्मिक प्रवास के दौरान समणी मधुर प्रज्ञा जी ने नवरात्रि पर आठ दिन तक विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। समणी जी ने बुधवार को आयोजित सत्र में कहा कि नवरात्रि का महत्व सभी धर्मों में माना गया है। उन दिनों में तांत्रिक तंत्र विद्या की साधना करते हैं, तो बहुत से लोग मंत्र विद्या की भी आराधना करते हैं। वे मंत्र सिद्ध करते हैं, जो बहुत सी विघ्न बाधाओं को दूर करते हैं। इस क्रम में समणी जी ने विविध मंत्रों के माध्यम से लगभग एक घंटे का अनुष्ठान करखाया। रामनवमी के दिन समनी मधुर प्रज्ञा जी ने अपने उद्?बोधन में कहा- आज रामनवमी है। भारतीय परम्परा में यह दिन मयार्दा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी से जुड़ा हुआ है। तेरापंथ के इतिहास में भी आज का दिन बड़ा महत्त्वपूर्ण है। आज के दिन तेरापंथ के आचार्य भिक्षु ने सत्य के मार्ग पर अपने कदम बढ़ाए थे। वे सत्य के प्रति पूर्ण समर्पित थे। उन्होंने भगवान महावीर आगमों का न केवल का गहन अध्ययन किया, बल्कि उनकी वाणी को अपने जीवन में साक्षात रूप दिया। वे एक चिंतनशील आचार्य थे। किसी भी कार्य की थे मूर्त रूप देने से पहले उस पर चिन्तन-मंथन करते। उसके बाद जो नवनीत निकलता, उसे जनमानस तक पहुंचाते।

आचार्य भिक्षु दूरदर्शी थे। उन्होनें भविष्य की नब्ज को पकड़ा और शिष्यों के लिए एक संविधान बनाया कि सभी शिष्य एक आज्ञा, मयार्दा और अनुशासन का पालन करेंगे। 250 वर्षों के बाद भी आचार्य की परम्परा अक्षुण्ण बनी हुई है। समणी जी ने भिक्षु स्वामी से संबंधित अनेक प्रसंग सुनाए, जिससे उपस्थित श्रावक मन्त्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर जयचन्द, सुशील, मानकजी, मदन चौरड़िया, रेणु चौरड़िया, प्रमोद चौरड़िया सहित जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज के कई लोग मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी सुरेश बोथरा ने इस आशय की जानकारी दी।

## कुड़माली लोक गायकों के झूमर गीतों पर रातभर झूमे लोग

### मंजूरा में हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



संवाददाता

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव में सरहुल परब के अवसर पर मंगलवार की रात कुड़मी समाज मंजूरा की ओर से रंगारंग कुड़माली झूमर एवं ??पांता नाच कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कुड़माली लोकगीत गायक भोलानाथ महतो, ममता महतो एवं राजदूत महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक कुड़माली झूमर एवं अन्य गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अखाड़ा वंदना के साथ की गई। इसके बाद एक से बढ़कर एक सुरूचिपूर्ण गीतों का आंनद लेते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पहुंचे कुडमाली नेगाचारी गुरु संतोष कटियार ने कहा कि कुड़मी जाति नहीं विशुद्ध रूप से जनजाति है। जिसकी अपनी आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति व भौगोलिक क्षेत्र है। अपनी भाषा, संस्कृति, परब-त्यौहार, देवाभूता हैं. जन्म, बिहा एवं मृत्यु संस्कार के अपने नेग-नियम है. जो किसी हिंदू वैदिक संस्कृति से पूर्णतया भिन्न है. कहा कि अपनी विशिष्ट संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। तभी कुड़मी जनजाति की पहचान सुरक्षित रहेगी।

मौके पर दीपक कुमार पुनरिनयार, राजेन्द्र महतो, मुरली पुनुरिआर, उमाचरण गुलिआर, टुपकेश्वर केसरिआर, प्रवीण केसरिआर, सहदेव टिडुआर, पियूष बंसरिआर, महावीर गुलिआर, ज्ञानी गुलिआर, भागीरथ बंसरिआर, मुरली जालबानुआर, सुभाष हिन्दइआर, सुलचंद गुलिआर, मिथिलेश केटिआर, उमेश केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, अमरनाथ गुलिआर, सदानंद गुलिआर, लखीकांत केसरिआर, विश्वनाथ केसरिआर, शैलेश केसरिआर, दिलीप केसरिआर, निरंजन केसरिआर, धनेश्वर जालबानुआर, तेजू केसरिआर, कमल जालबानुआर, दुर्गा पुनअरिआर, द्वारिका केसरिआर, कुलेश्वर केसरिआर, लालमोहन गुलिआर, निरंजन केसरिआर, बिंदेश्वर पुनुरिआर समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जारंगडीह में नौ कन्याओं का पूजन कर कराया भोजन



संवाददाता

**बोकारो :** चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी के अवसर पर पिछरी नर्मदेश्वर रुद्र मंदिर प्रांगण में माता जागरण का आयोजन किया गया। माता जागरण में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान कलाकारों ने जागरण में एक से बढ़कर एक भक्ति गीत से श्रोताओं का मनोरंजन किया। वहीं जागरण टीम के कलाकारों ने राधा कृष्ण, मां काली, हनुमान, महाकाल की झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। चैत्र नवरात्र की नवमी को जारंगडीह स्थित मां बनासो मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। नवमी के अवसर पर मंदिर कमेटी के द्वारा नौ कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया।

## बीएसएल में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन



### रिटायरमेंट के बाद जीवन के बदलावों से अवगत हुए इस्पातकर्मी

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरम्भ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया।

डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) समीर कुमार रॉय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। एचडीएफसी बैंक से श्री रोहन सिंह तथा रवीश शर्मा ने उपस्थित समूह को धन-निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. संगीता कुमारी, ए.सी.टी. (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

## तुपकाडीह में रामनवमी धूमधाम से संपन्न



संवाददाता

**बोकारो :** तुपकाडीह में रामनवमी जुलुस गाजेबाजे झांकी और अखाडा में कलाकारों की एक से एक खेल के साथ धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शाम के वक़्त तुपकाडीह के तीन और तांतरी मानगो के तीन झंडा जुलूस का मिलन चेरका पत्थर मैदान के समीप हुआ। लगभग तीन किमी लंबे इस जुलूस में महिलाएं बच्चे बूढे और जवान सभी शामिल हुए राम लक्ष्मण सीता समेत कई रूपों में वेश वाली झांकी की खूब चर्चा रही। रघुवीर दल अखाडा के कलाकारों ने सबका मन मोह लिया। जुलूस में शामिल हजारों की संख्या में दूर-दूर से आये लोगों को आरएसएस, नवयुवक बम ग्रुप नहर किनारे विस्थापित क्रांति दल आदि संस्था ने शर्बत खीर व प्रसाद देकर स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा ,मुखिया गिरिन्द्र मिश्रा, पूर्व मुखिया टीना सिंह, मंतोष सोरेन, उप मुखिया, राजू महतो, टीलू महतो, अनिल दिगार, निवारण दिगार, सहदेव साव, सुनील महतो, पीयूष आचार्य आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नौ कन्याओं के पूजन के साथ नवरात्र संपन्न



**फुसरो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के रामनगर स्थित श्री श्री महारानी देवी मंदिर के प्रांगण में वासंती नवरात्र महानवमी के मां नवदुर्गा का नौवा स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा यहां पुरोहित विष्णु पांडेय, यजमान रामधार सहानी एवं उनकी धर्मपत्नी राजेश्वरी देवी के द्वारा विधि-विधान से अंतिम दिन हवन के साथ संपन्न हुई। मंदिर प्रांगण में नौ कन्याओं एवं भैरों बाबा की पूजा की गई। माता रानी के महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर बिंदा प्रसाद, अर्जुन निषाद, बलराज साहनी, जयप्रकाश मल्लाह, जोगेन्दर सहानी, मदन निषाद, मनोज प्रसाद, रिंकु कुमार निषाद, विश्वनाथ सहानी, अजय सहानी, दिलीप सहानी, दीपक सिंह, संजय कुमार गुप्ता, जितेन्द्र सहानी, संतोष सहानी, शंकर पासवान, भोला सिंह, केएन सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, चेत नारायण सिंह, कृत राम, महावीर राम, प्रेमचंद प्रसाद, पिंटू कुमार, प्रेमण शर्मा, बिनोद सहानी, विवेश सिंह, अमर सिंह, सोनी देवी, रुबी कुमारी, कमली देवी, कौशल्या देवी, कांति देवी आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

### फुसरो बाजार में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस



**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल अंतर्गत फुसरो बाजार में बुधवार की संध्या को भव्य रामनवमी का जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों हिंदू पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल हुए। जुलूस में विभिन्न रामनवमी अखाड़ा कमेटियों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार की भव्य झांकियां सजाई गई थी। फुसरो बाजार में महावीर मंदिर भूत बंगला फुसरो, पुराना बीडीओ ऑफिस शिव मंदिर कमेटी, अमलो रामनवमी अखाड़ा कमेटी सहित अनेकों रामनवमी अखाड़ा कमत्यों द्वारा भाव जुलूस निकाले गए जो सड़क पर खेल प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय अखाड़ा करगली बाजार पहुंचे। जहां आकर्षक खेल दिखाने के बाद केंद्रीय खड़ा कमेटी द्वारा उन्हें पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया गया। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था पर नजर रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सजग रहे।

### पूर्णाहुति के साथ अंबेडकर कॉलोनी में मारुती नंदन महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**बेरमो :** फुसरो नप क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी भोला नगर के हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री मारूती नंदन महायज्ञ सह हनुमत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। यहां यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री एवं बतौर सहयोगी विकास कुमार शास्त्री, रवींद्र कुमार शास्त्री, सूरज कुमार पांडेय व अरविंद शास्त्री के द्वारा प्रधान यजमान संतोष बाउरी एवं उनकी पत्नी अनिता देवी, अर्जुन रविदास एवं उनकी पत्नी कमला देवी, शिबू मुंडा एवं उनकी पत्नी तुलसी देवी, कुमार हरिश एवं उनकी पत्नी ममता देवी, गौतम भुईयां एवं उनकी पत्नी बरखा देवी को पूरे विधि-विधान से पूजन, हवन कराया। यज्ञाचार्य हरिशरणम कुटीर बी देवघर से आये पंडित हीरा लाल शास्त्री ने कहा कि अंतःकालीन परमात्मा के स्मरण मात्र से जीवात्मा की पुनरावृत्ति नहीं होती है। परमात्मा के स्मरण से हीं मुक्ति मिलती है। कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में कुछ बेहतर करना चाहिए। ताकि मृत्यु के बाद उसके किये कर्म को लोग याद करें। कहा कि परमात्मा की भक्ति से हीं मोक्ष की प्राप्ति होती है। यज्ञ समापन के बाद भंडारा के मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर रविदास, महायज्ञ कमेटी अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, उपाध्यक्ष राजेश राम, सचिव अशोक रविदास, उपसचिव चंदन बाउरी , दीपक भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रंजीत खुराना, उप कोषाध्यक्ष तुलसी कुमार, संगठन मंत्री विजय कुमार, सहायक संगठन मंत्री संदीप भारती, उप संगठन मंत्री राकेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम बाउरी, अजय कुमार, सोनू कुमार, सोनू बाउरी, राहुल रजवार, करण कुमार, रोहित बाउरी, साहिल कुमार, महेंद्र मुंडा, रवि कुमार, प्रेम मांझी, महावीर नायक, सुभम कुमार, रोहित भुइयां, सनी भुइयां, राजू गोप बादल, मुरली रविदास आदि का योगदान रहा।

### श्री हनुमंत एवं शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

# चिलचिलाती धूप के बावजूद भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

संवाददाता

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत फुसरो रेलवे गेट स्थित महावीर मंदिर में बुधवार को पांच दिवसीय श्री हनुमंत एवं शनिदेव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें चिलचिलाती धूप के बावजूद सैंकडों श्रद्धालु युवतियां और महिलाएं अपने माथे पर कलश लेकर जलयात्रा में शामिल हुए।

कलश यात्रा फुसरो रेलवे गेट स्थित महावीर मंदिर से निकाली गयी। जो पांच नंबर धौडा, पंडित दीनदयाल चौक, नया रोड़ फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पुल स्थित दामोदर नदी तट पर पहुंची। जहां नागपुर से आये यज्ञाचार्य आचार्य रवींद्र शास्त्री एवं बतौर सहयोगी संजय पांडेय, रामप्रवेश पांडेय, राजेश पांडेय व शिवशंकर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान भरत साव एवं उनकी पत्नी वृंदा देवी, संतोष



साव एवं उनकी पत्नी बबीता देवी, बिनोद नायक एवं उनकी पत्नी सोनी देवी, बजरंगी साव एवं उनकी पत्नी पूजा देवी, अजय सिंह एवं उनकी पत्नी किरण देवी सहित श्रद्धालुओं को पूजन कराकर कलश में जल धारण कराया गया। इसके पश्चात भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान जय हनुमान, जय श्री राम, जय भोलेनाथ आदि के नारों से क्षेत्र गुंजयमान हो गया। कमेटी के अध्यक्ष संतोष साव ने बताया कि 18 अप्रैल को वेदी पूजन, अन्नाधिवास तथा यज्ञ प्रारंभ, 19 अप्रैल को गंधाधिवास और पुष्पाधिवास, 20 अप्रैल को प्रतिमा का नगर भ्रमण व शय्याधिवास एवं 21 अप्रैल को महा अभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ पूणार्हुति तथा संध्या में प्रसाद वितरण किया जायेगा। यज्ञ को सफल बनाने में प्रमोद साव, विनोद साव, विक्की कुमार, राहुल दिगार, राहुल साहनी, राजेश भुईया, शंकर राय, हीरालाल डे, रोहित कुमार, संतोष सिंह, सत्येंद्र यादव, राजकुमार, डमरू, हरे राम, गुड्डू, लखन यादव, दीपक भुईयां, भानु प्रताप यादव, सुरेंद्र भुईयां, राजू सिंह आदि लगे हुए हैं।

# केंद्रीय अखाड़ा कमेटी करगली बाजार ने आमंत्रण जुलूस निकाला

संवाददाता

**बेरमो :** रामनवमी के पूर्व संध्या में मंगलवार की देर शाम को केंद्रीय अखाड़ा कमेटी करगली बाजार ने आमंत्रण जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोग हाथों में डंडा, भाला और तलवार लेकर अपने कौशल दिखाते हुए चल रहे थे। इस दौरान जय श्री राम के नारे भी लगा रहे थे। जुलूस में कई मनमोहक झांकियां भी लोगों का अपनी ओर ध्यान आकर्षित करा रहा था। यह जुलूस करगली बाजार केंद्रीय अखाड़ा से प्रारंभ होकर ढोरी स्टाफ क्वार्टर, पुराना बीडीओ ऑफिस, फुसरो बाजार, बैंक मोड़ फुसरो होते हुए नया रोड तक गयी। जुलूस ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें रामनवमी में करगली बाजार आने के लिए आमंत्रित किया। उसके उपरांत जुलूस ढोरी स्टाफ क्वार्टर होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस शिव मंदिर पहुंचा। जहां पुराना



बीडीओ ऑफिस अखाड़ा कमेटी के सदस्यों को रामनवमी के दिन बुधवार को केंद्रीय अखाड़ा करगली बाजार आने का निमंत्रण दिया। जुलूस आगे बढ़ते हुए फुसरो बाजार भूत बंगला के समीप स्थित महावीर मंदिर पहुंचा। जहां फुसरो बाजार अखाड़ा कमेटी को रामनवमी के दिन करगली बाजार केंद्रीय अखाड़ा आकर अपना कौशल दिखाने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान रास्ते में जाते हुए अखाड़ा के लोग जुलूस में शामिल होते गये। वही पूरे रास्ते में राम भक्तों तथा समाजसेवियों के द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी, शरबत, लस्सी, जूस आदि की व्यवस्था की गयी थी। आमंत्रण जुलूस का संचालन केंद्रीय अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष योगेश तिवारी व राजन साव कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चली आ रही परंपरा के अनुसार करगली बाजार केंद्रीय अखाड़ा कमेटी के द्वारा आमंत्रण जुलूस निकाला जाता है।

### तिसरी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का त्योहार

# हनुमान मंदिरों में सुबह से ही उमड़ती रही भक्तों की भीड़, निकाला जुलूस



संवाददाता

**गिरिडीह :** तिसरी प्रखंड में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया गया। प्रखंड के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं दोपहर के बाद जगह - जगह जुलुस निकाला गया। इस दौरान तिसरी प्रखंड मुख्यालय, चंदौरी, पलमरुआ, गुमगी, भंडारी आदि कई गाँवों में अखाडा भी लगाया गया। जहां लोगों ने जमकर लाठियां भांजी और एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब भी दिखाया। इस दौरान तिसरी हनुमान मन्दिर में राम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण की झांकी भी निकाली गई । यह जुलूस तिसरी हनुमान मन्दिर से गमहरियाटांड़ से तिसरी चौक होते हुए वापस हनुमान मन्दिर लौट आया।

इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान आदि नारे गूंजते रहे।

वहीं विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस - प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी। इस मौके पर कमिटी सदस्य किशोरी साव, विकास गुप्ता, रोहित कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रेम कुमार, नितेश सिंह, विकास कुमार, कुणाल कुमार, अभिमन्यु कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# बेरमो में श्रद्धा व उत्साह एवं आकर्षक झांकी के साथ निकला भव्य जुलूस

संवाददाता

**बेरमो :** बेरमो अनुमंडल में बुधवार को रामनवमी का त्योहार श्रद्धा व उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र के कोने-कोने से बुधवार की दोपहर बाद से भव्य झांकियों के साथ-साथ रामभक्तों का हुजूम उमड़ा। जगह- जगह हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन भी हुआ। कई स्थानों पर जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, फल, मिठाई आदि की व्यवस्था थी। जुलूस को लेकर बेरमो पुलिस प्रशासन भी काफी सतर्क थी तथा लगातार गश्ती अभियान चलता रहा। कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इधर, बुधवार को बेरमो क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों के अलावा लोगों ने अपने-अपने घरों में विधि- विधान से पूजन-अर्चना कर महावीरी झंडा बदला।

वही फुसरो नप क्षेत्र, पिछरी, अंगवाली एवं चलकरी में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ बुधवार को मनाया गया। यहॉ लोगों ने घरों में पूजा- अर्चना कर महावीरी पताका लहराया। लोगों ने अपने-अपने घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना की। फुसरो भूतबंगला महावीर मंदिर, पुराना



बीडीओ ऑफिस मंदिर, ब्लॉक कॉलोनी, नया रोड फुसरो, सुभाषनगर, जवाहरनगर, अमलो बस्ती, पटेलनगर, आंबेडकर कॉलोनी, पिछरी, अंगवाली, चलकरी आदि जगहों के मंदिरों में श्रद्धा व उल्लास के साथ पूजा-अर्चना हुई। इन मंदिर कमेटियों ने झांकियों के साथ भव्य जुलूस भी निकाला। फुसरो की भूतबंगला मंदिर कमेटी और पुराना बीडीओ ऑफिस मंदिर कमेटी ने फुसरो बाजार में भव्य जुलूस निकाला। जुलूस में हजारों रामभक्त शामिल हुए। जुलूस को देखने जुटीं महिलाएं उत्साहित होकर भक्ति गीतों पर जमकर झूमीं।

#### आकर्षक झांकियां

जुलूस में राम भक्तों ने आतिशबाजी भी की। जुलूस में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण, जटायु, राधे-कृष्ण, भूत पिशाच, भारत माता आदि की आकर्षक झांकियां निकलीं। फुसरो बाजार में अनेकों सामाजिक संगठनों ने रामभक्तों के लिए चना, गुड़, शरबत, पानी, कोल्ड ड्रिंक, छाछ आदि की व्यवस्था की थी। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय, रामरतन उच्च विधालय के समीप नवयुवक संघ ढोरी बस्ती सौतारडीह,फुसरो में मालाकार एवं टीवी सेंटर, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया,गुडडू तिलकुट भंडार एवं श्री वस्त्रालय, बरनवाल नवयुवक संघ सह बरनवाल महिला समिति बैंक मोड़ फुसरो में मारवाड़ी भाया, नया रोड फुसरो, करगली बाजार में झारखंड नवयुवक संघ सामाजिक संगठन आदि ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, लस्सी, मिल्क शेख, खीर व पेयजल की व्यवस्था की थी। फुसरो भूतबंगला व पुराना बीडीओ ऑफिस की झांकी व जुलूस फुसरो बाजार, नया रोड आदि जगहों का भ्रमण करते हुए केंद्रीय अखाड़ा पहुंचे। केंद्रीय अखाड़ा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया। वहीं लाठी खेल के साथ कलाकारों ने भक्ति नृत्य, नाटक, हैरतअंगेज कतरब का प्रदर्शन किया। इसके बाद केंद्रीय अखाड़ा ने जुलूस कमेटी के लोगों को सम्मानित किया। केंद्रीय अखाड़ा कमेटी में युगेश तिवारी, राजन साव, राकेश सिंह, उत्तम सिंह, दिलीप गोयल, बिनोद गोयल, नवीन गुप्ता, दीपक दुबे, प्रेम गुप्ता, दीपक गुप्ता, अजय साव, श्रवण अग्रवाल, बिनोद गोयल, डॉ सुरेंद्र सिंह, कुल्ला राव, रंजीत कुमार, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, रघुवीर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, राजू सिंह, सेलवन राज, अपूर्वा घोष, संजय कुमार अंबाष्टा, जितेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, रितेश तिवारी, स्वप्न कुमार मुखर्जी, आनंद साव, पवन शर्मा, दिलीप कुमार दत्ता, टिंकू कुमार, नवीन कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार साव, करियां घांसी, शिव शंकर शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, प्रकाश साव, विजय ठाकुर, मंतोष गुप्ता, सुबोध गुप्ता आदि लोगों का अहम योगदान रहा।

इधर जुलूस में भाजपा नेता विक्रम पांडेय, कृष्ण कुमार, भरत वर्मा, कृष्ण कुमार चांडक, वैभव चौरसिया, बैजू मालाकार, राकेश मालाकार, आर उनेश समेत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न दलों के नेता व समाजसेवी जुलूस में शामिल हुए।

नियंत्रण कक्ष था सचेत : बेरमो में पुराना बीडीओ ऑफिस में प्रशासन के मिनी कंट्रोल रूम में सीओ संजीत कुमार, थाना प्रभारी अशोक कुमार क्षेत्र की विधि-व्यवस्था की जानकारी लेते रहे। जुलूस की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से की जा रही थी।

# गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरु आश्रम पब्लिक स्कूल में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती का उत्सव मनाया गया। जो विश्व की सबसे बड़ी जयंती मानी जाती है। जिसमें विद्यालय के काफी सारे बच्चों ने आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और उन्होंने डांस व स्पीच के माध्यम से तथा नाटक के माध्यम से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महान संघर्षपूर्ण जीवन को प्रदर्शित किया।

विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी उनके आदर्श जीवन पर प्रकाश डालें और बच्चों को बताया कि उनके संघर्ष की कहानी को पढ़कर उनके आदर्श को पालन कर कोई भी आदमी सफल बन सकता है। उक्त कार्यक्रम



में रामचरित यादव, कौशल वर्मा, नीरज यादव, चंदन टुन्डियारा, अरुण यादव, निम्मी कुमारी, सिमरन कुमारी, दिव्या भारती, आरुषि, लक्ष्मी, अर्चना, नीतू, आनंद यादव ,दक्ष शर्मा, समीर दास, कृष्ण कुमार, अंकित कुमार आदि बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को आनंदित कियो प्रिंसिपल दिगंबर कुमार देवांगन ने कहा कि ऐसे महान शख्स जिनके नक्शे कदम पर पूरा देश चल रहा हो और पूरी दुनिया जिनका कायल हो उनके बारे में पढ़ने के लिए एक अलग किताब बच्चों के सिलेबस में होना चाहिए। उपस्थित लोगों को उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अनमोल वचन को भी याद दिलाया की गरीब वही है जो शिक्षित नहीं है।

इसलिए भले हीं एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। एक दिन में उनके बारे में बहुत कुछ जानना संभव नहीं है। इसलिए प्राचार्य महोदय ने कहा कि अप्रैल 30 तारीख तक उनके बारे में असेंबली में रोज शिक्षकों के द्वारा बच्चों को बताया जाएगा।

# सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पिछरी में नवमी पूजा के साथ नौ रात्रि पूजा संपन्न

संवाददाता

**बेरमो :** पेटरवार प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पिछरी में चैत नवरात्र के नौवें दिन बुधवार को नवमी पूजा कर हवन किया गया। हवन में सैकडो. महिला, पुरुष व युवतियां शामिल हुई। मंदिर परिसर में किये जाने वाले हवन में पुजारी महादेव बनर्जी, रासबिहारी आचार्या, नरेश पांडेय, मंदिर के पुजारी पवन पाठक व यजमान मुकेश मिश्रा ने विधि-विधान से संपन्न कराया। हवन के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। बताया गया कि दशमी को माता के वारी का विसर्जन किया जायेगा। जबकि गुरुवार को मंदिर



परिसर सह मेला मैदान में मेला का आयोजन होगा। वहीं शुक्रवार को महाभंडारा प्रसाद का वितरण किया जायेगा एवं संध्या में मां दुर्गा की प्रतिमा को शोभायात्रा के साथ हथिया पत्थर स्थित दामोदर नदी में विसर्जन किया जायेगा। वहीं बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने रामनवमी महोत्सव के आयोजन पर शामिल होकर मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर माथा टेका एवं क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रखने की कामना की।

## एक नजर

### सुवरिया व कहालडीह में निकली कलश यात्रा



**बलियापुर।** सुवरिया गांव में रामनवमी के मौके पर बुधवार को बजरंगबली मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल सैकड़ो युवती एवं महिलाएं माथे पर कलश लेकर गांव के बगल स्थित जोड़िया पहुंची। जहां कलश में पानी भरने के बाद कलश यात्रा विभिन्न टोलो का भ्रमण करते हुए सभी बजरंगबली मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां पंडित मानिक चक्रवर्ती ने पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना किया। कलश यात्रा में प्राण गोप, दिनेश गोप, सपन चक्रवर्ती, रंजीत गोप, विश्वनाथ गोप, रामकिशन गोप, उत्तम महतो, बनमाली प्रमाणिक, गौतम, सूरज, रोहित, संदीप, युधिष्ठिर सौरभ आदि थे। धोखरा कहालडीह में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

### धैया मंडल बस्ती में एक युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद ।** धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत धैया स्थित मंडल बस्ती में सुब्रतो मंडल नामक एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुब्रतो अपने मामा के घर में डॉक्टर की पढ़ाई करता था। कुछ महीना पूर्व इसे चित्रकला में इंटरनेशनल अवार्ड भी मिला था। घटनाक्रम के बाद पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। सुब्रतो ने ऐसा क्यों किया किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा है। युवक का उम्र लगभग 19 साल बताई जा रही है। इसके पिता का नाम रामधनी मंडल है। लोगों ने बताया कि यह पढ़ने में काफी माहिर था। इसका अन्य लोगो से मिलना जुलना भी काफी कम था। इसका पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर रहता था। सुब्रतो का अपना गांव काड़ेडीह तोपचांची में है। घटना की जानकारी मिलते हीं धनबाद थाना से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### पर्व त्योहार शुरू होते जाम की समस्या

**धनबाद ।** कतरास में पर्व त्यौहार शुरू होते हीं जाम की समस्या शुरू हो जाती है। कतरास थाना चौक से लेकर कतरी नदी पुल तक जाम रहा। शहर में ट्रैफिक नाम का कोई चीज नहीं है। जगह-जगह जाम से लोग फंसे रहते हैं। यह समस्या कोई पर्व त्यौहार का हीं नहीं बल्कि आम दिनों की यहीं स्थिति रहती है। कतरास न्यू बांबे स्वीट्स के पास लगातार टेंपो वाले टेंपो लगाकर अपनी सवारी उठते रहते हैं। जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। इसके अलावे वाहन चालक भी अपनी वाहन शहर में जहां-तहा खडा कर देते हैं जो जाम का मुख्य कारण है। सडक जाम करने में टोटो वाले भी पीछे नहीं रहते हैं। बता दें कि कतरास पुलिस सड़क जाम से निजात दिलाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सड़क जाम के कारण में कतरास के दुकानदार भी कम नहीं है वह भी अपनी दुकान को काफी बढाकर दूकान लगाते हैं।

### धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**धनबाद ।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा धनबाद से आनंद बिहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। बता दें कि गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 20.04.2024 को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी ।

### रामनवमी को लेकर कतरास पुलिस हाई अलर्ट



**कतरास।** रामनवमी को लेकर कतरास पुलिस हाई अलर्ट है। कतरास पुलिस सभी संवेदनशीलों स्थानों की जांच ड्रोन कैमरा से कर रही है। पूरे जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरा से की जाएगी। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दी गई है। जुलूस में पर्याप्त बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जबरन डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी जुलूस के पूर्व कतरास पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से शांतिपूर्वक रामनवमी मनाने की अपील की।

### जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज, एसडीओ कार्यालय धालभूम और आईटीडीए कार्यालय

# तीन जगहों पर जमशेदपुर में बनाया गया पोस्टल बैलेट सुविधा व मतदान केन्द्र

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** 'कोई भी मतदाता छूटे नहीं' के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के पहल पर निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाना है। वहीं शत प्रतिशत चुनाव ड्यूटी में तैनात पदाधिकारियों/ कर्मियों/पुलिसकर्मियों समेत अन्य लोगों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल के द्वारा जिला मुख्यालय में अवस्थित जमशेदपुर को-




ऑपरेटिव कॉलेज, एसडीओ कार्यालय धालभूम और आईटीडीए कार्यालय को पोस्टल बैलेट सुविधा एवं मतदान केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया गया है।

निर्गत आदेश के आलोक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 44-बहरागोडा, 45-घाटशिला (अ.ज.जा), 46-पोटका (अ.ज.जा) 47-जुगसलाई (अ.जा) क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी 1, 2, 3, 4 तथा अन्य पदाधिकारी व कर्मी के लिए को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर के बहुउद्देशीय परीक्षा हॉल में मतदान करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार 48-जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी 1, 2, 3, 4 समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी के लिए को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर के साइंस ब्लॉक (लैब-1) में मताधिकार करने की सुविधा रहेगी। वहीं 49-जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी 1, 2, 3, 4 तथा अन्य पदाधिकारी व कर्मी के लिए कॉलेज के साइंस ब्लॉक (लैब-3) को मतदान के लिए सुविधा केन्द्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। 9-जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तथा झारखंड राज्य के अन्य जिला के मतदाता सूची में निबंधित मतदाता एसडीओ कार्यालय, धालभूम अवस्थित कार्यपालक दंडाधिकारी कक्ष में पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 9-जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आवश्यक सेवा के रूप में चिन्हित मतदाता (मीडिया कर्मी समेत) अधिसूचित मतदान केन्द्र आईटीडीए कार्यालय जमशेदपुर में पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे।

### बलियापुर में अखड़ा दलों ने दिखाया हैरतअंगेज कारनामे

**बलियापुर।** रामनवमी के मौके पर बुधवार को बलियापुर चौक में श्री राम चन्द्र दल द्वारा अखड़ा खेल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रखितपुर, आमझर, नीचे टोला बलियापुर, बाघमारा, प्रधानखंता परघा समेत एक दर्जन अखाड़ा दलों ने खेलों का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। महतो की पत्नी तारा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, संजीत गोराई, बेंगू ठाकुर, निताई रजवार, मुखिया विजय गोराई, शेलेन अभिषेक अग्रवाल, रविन्द्र वर्मा, अतुल केसरी, विक्रम पाल, विक्रम धीवर, प्रधानखंता से कन्हाई बनर्जी, अमित बनर्जी, विद्युत चक्रवर्ती के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया।

## रामनवमी में जगह -जगह पर निकला अखाड़ा, लड़कियों ने भी दिखायी करतब

संवाददाता

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में धूमधाम के साथ रामनवमी का त्यौहार सम्पन्न हो गया. इस दौरान पुलिस प्रशासन भी हर स्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद दिखी. प्रशासन की निगरानी में दर्जनों जगह विभिन्न अखाड़ा समितियों ने अखाड़ा निकाला. ड्रोन कैमरे से पूरे शहर की निगरानी होती रही. सत्यनारायण अखाड़ा समिति कतरास बाजार, महावीर दल अखाड़ा समिति गांधी चौक, प्रताप दल अखाड़ा समिति गणेश मंदिर, मंगलमूर्ति अखाड़ा समिति डॉक्टर पाड़ा सहित कई अखाड़ा के उस्तादों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन किया. गुहीबांध के सूरज चौहान ने महावीर दल गांधी चौक में ईंट, ट्यूबलाइट और बोतल के साथ जो खतरनाक खेल दिखाया उसे देखकर लोगों का दिल दहल गया. लोगों ने दांतो तले अंगुली दबा ली. इसके अलावा भी अखाड़ा के उस्तादों ने कई हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन किया. भला लड़कियां





कहाँ पीछे रहने वाली थी. लड़कियों ने भी एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया. कई अखाड़ा समितियां ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, शिव, पार्वती, बंदर, भालू एवं तरह-तरह की आकर्षक झांकियां भी निकाली थी, जिसे देखने हजारों की सँख्या में महिला पुरूष पहुँचे थे. अखाड़ा समितियों ने अपने-अपने अखाड़ा टीम के साथ खेलों का प्रदर्शन करते हुए पहले कतरास के प्रमुख शहरों में भ्रमण किया।

## सिंदरी में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता

**सिंदरी ।** मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को मंदिरों में शंखनाद और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिरों को रंग रोगन कर भव्य तरीके से सजाया गया था। सुबह से हीं भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने घरों के आंगन में पूजा अर्चना कर महावीरी पताखे फहराए।

शोभा यात्रा में झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही

रामनवम के मौके पर सिंदरी के कांड्रा से जय श्री राम दल अखाड़ा समिति द्वारा विशाल राम शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक की धर्मपत्नी तारा देवी थीं। विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो के नेतृत्व में हजारों की संख्या मे राम भक्तों के साथ शाम 5:00 बजे विधिवत पूजा अर्चना कर हेट कांड्रा बजरंगबली मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे- बाजे एवं रथ





में विराजमान बाल स्वरूप राम, लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेना से सुसज्जित झांकी जुलूस में आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। साथ हीं धनबाद से आए पूनम ,समीर और कुमार राजेश द्वारा भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था। श्रद्धालु उस दौरान झूमते नाचते दिखे।

इन मार्गों से गुजरी शोभायात्रा

अखाड़े द्वारा पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन एवं जय श्री राम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा कांड्रा बाजार, कोल बोर्ड कॉलोनी, गौशाला ओपी, लोकनाथ नर्सिंग होम से होते हुए गौशाला दुर्गा मंदिर पहुंची जहां क्षनित नाच का आयोजन किया गया था। शोभा यात्रा का समापन गौशाला बजरंगबली मंदिर में हुआ। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत के दिए निर्देश के अनुसार विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो ने जुलुस को रोड से एक तरफ रखते हुए ट्रैफिक को खुला रखा साथ हीं जुलुस के स्वयंसेवकों ने पुरे जुलुस को तीतरबितर नहीं होने दिया और पूर्णतः शांतिपूर्ण कार्यक्रम समापन हुआ। मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे इसलिए गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल अपने दलबल के साथ प्रशासनिक व्यवस्था में थे। सिंदरी के विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंग दल जिला मंत्री सोनू गिरी, अमन ठाकुर, अमित सिंह आदि लोग थे। मौके पर कुमार महतो, संतलाल प्रामाणिक, अशोक महतो, योगेंद्र कुमार, गुप्तेश्वर शाव, देव महतो, प्रदीप महतो, श्रवण महतो, मुन्ना महतो, सुधीर कुमार बाउरी आदि लोग मौयूद थे।

## भाजपा ने सिंदरी नगर के कई बूथों के बुथ कमिटी की बैठक संपन्न



संवाददाता

**सिंदरी ।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सिंदरी नगर के कांडरा में बूथ संख्या 375, 376, 377, 378, 379, 380, व 381में एक बैठक की गई।

जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरबिंद पाठक ने की। बूथ कमिटी के बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी अपने अपने बूथों को मजबूती प्रदान करने में अभी से लग जाएं और पहले की अपेक्षा 10% ज्यादा मतदान हो इसके लिए भी प्रयास करें। अपना बहुमूल्य मतदान का प्रयोग जरूर करें। पहले मतदान फिर जलपान करेंगे। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो का नामांकन है उसमे कांडरा से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता और जनता धनबाद चलें। इस बुथ स्तरीय बैठक में राकेश तिवारी, राघव तिवारी, टिंकू महतो, भोलानाथ गोराई, विकास महतो, उज्जवल महतो, कार्तिक राउत, राजू सिंह, लालजीत गोराई, सपन सिंह, ललित राय इत्यादि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संकट मोचन मंदिर एसीसी गेट रामनवमी में भव्य भंडारा का आयोजन



संवाददाता

**सिन्दरी ।** हर साल की भांति इस साल भी संकट मोचन मंदिर एसीसी गेट में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस साल पूजा में अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर के निर्माण के कारण जन जन में बहुत हीं उत्साह था। प्रातः पूजन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। करीब एक दो घंटे का सुंदरकांड उसके बाद ध्वज पूजा फिर हवन और समापन आरती से हुआ। फिर हर साल की भांति इस साल भी भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया और यह कार्यक्रम अभी जारी है। इस कार्यक्रम में आज के जजमान मणि भूषण सिंह थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के दीपक कुमार दीपू, सुनील शर्मा, विक्रम कुमार अमित कुमार सिंह गुड्डु, डॉ अजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, अंकित कुमार ,सोनू कुमार सिंह, आयुष कुमार ,विनय शंकर सिंह, अमिताभ सिंह ,शशि भूषण सिंह, निखिल, अंकित हर्ष ,आदित्य, प्रिंस मयंक और भी कई भक्तों ने शिरकत की। समिति ने सभी सहयोग देने वाले भक्तजनों का आभार व्यक्त किया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जोरदार स्वागत

## महिलाओं की आवाज बनूंगी : अनुपमा



संवाददाता

**धनबाद ।** महिलाओं की आवाज बनकर उनकी सेवा करूंगी। यह कहना है धनबाद संसदीय सीट से कांग्रेस की मौजूदा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का। धनबाद से टिकट मिलने के बाद वह पहली बार धनबाद पहुंची और किसान चौक पर अपने स्वागत के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिता से लेकर अपने ससुराल में भी मजदूरों के हित की आवाज सुनने का हीं मौका मिला। अनुपमा सिंह पूर्व कांग्रेस नेता सह इंटक के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राजेंद्र सिंह की पुत्रवधू हैं। उनके पति अनूप सिंह झारखंड के बेरमो से कांग्रेस के विधायक हैं। अनुपमा ने कहा कि भाजपा की धनबाद प्रत्याशी को देखते हुए कांग्रेस ने बहुत सोच समझकर मुझे यह सीट दी है। जिसका पूरा सम्मान करूंगी तथा यह सीट जीत करके दिखाऊंगी। उन्होंने कहा कि अब धनबाद कोयलांचल में महिलाओं का शोषण पूरी तरह से बंद होगा तथा आपराधिक छवि से लोगों को निजात दिलाऊंगी। उन्होंने भाजपा पर व्यंग्य करते हुए कहा कि 10 वर्षों तक देश में राज करने वाली भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली के बारे में क्या बताऊं महंगाई आसमान पर है। न्याय के नाम पर हर तरफ बस अन्याय हीं अन्याय है। महिलाओ का सम्मान दिलाना तथा जनहित में तटस्थ रहना उनकी मुख्य कार्य शैली होगी। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के धनबाद आगमन पर धनबाद में उनकी जोरदार स्वागत पार्टी कार्यकताओं द्वारा की गई। कोलियरी क्षेत्र से काफी संख्या में मजदूर उनके आगमन स्थल पर मौजूद देखे गए।

# जगजीवन नगर के इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में रामनवमी

संवाददाता

**धनबाद ।** इस्कॉन धनबाद द्वारा रामनवमी महा-महोत्सव का भव्य आयोजन इस बार प्रथम बार जगजीवन नगर के इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम में पूरे धनबाद से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अत्यंत मनमोहक मधुर राम धुन एवं वैष्णव भजनों और मंगलाचरण के माध्यम से महोत्सव का आरंभ हुआ। कीर्तन के पश्चात श्री श्री सीता राम लक्ष्मण के श्री विग्रहों का अत्यंत भव्य पंचामृत अभिषेक दूध, दही, मधु, घृत, पुष्प-सार, फलों के रस, गंगाजल, पंचगव्य, विभिन्न प्रकार के पुष्प एवं शर्करा से किया गया। तत पश्चात श्री श्री सीता राम लक्ष्मण का सुंदर श्रृंगार हुआ और आए



हुए सभी भक्तों ने श्री विग्रह का पुष्प अभिषेक एवं मनमोहक दर्शन किया। सारे धनबाद वासी अपने साथ अत्यंत प्रेम से राम लला का आविर्भाव मनाने हेतु अनेक व्यंजन पकाकर लाए थे जिनका भोग श्री श्री सीता राम लक्ष्मण को छप्पन भोग के साथ लगाया गया। श्री विग्रह अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। शास्त्र कहते हैं कि रामनवमी के इस पावन अवसर पर भगवान रामचन्द्र के अभिषेक का साक्षी अत्यंत भाग्यशाली होता है, उस पर अनेकों कृपाएं बरसती है। इस्कॉन धनबाद के उपाध्यक्ष दामोदर गोविंद प्रभुजी ने रामनवमी पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के अवतरण के भिन्न भिन्न कारणों का वर्णन किया। बताया कि रावण वध, कुंभकरण वध, अहेलिया उद्धार, साधुओं और देवताओं की रक्षा आदि अनेक कारण हैं, किंतु आने वाले युगों में मर्त्य लोक के वासी अर्थात मनुष्यों के लिए हर पद, स्थान, काल और स्थिति पर एक आदर्श स्थापित करना श्रीमद भागवत के अनुसार श्री रामचंद्र के अवतरण का सबसे मुख्य कारण बताया जाता है। एक आदर्श पुत्र, आदर्श शिष्य, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, आदर्श योद्धा, आदर्श वनवासी, आदर्श राजा, आदर्श, मित्र, आदर्श शत्रु, आदर्श स्वामी, आदर्श पिता, आदि हर परिस्थिति में धर्म का पालन करते हुए किस प्रकार अपना जीवन यापन करता है, यह हमें रामायण से सीखने की आवश्यकता है। सार स्वरूप हमें किसी भी स्थिति में शास्त्र और वरिष्ठ वैशणवों द्वारा कथित धर्म की अवज्ञा कभी नहीं करनी चाहिए और अपने जीवन के हर निर्णय में भगवान की भक्ति अर्थात भगवान के नाम, रूप, लीला का नियमित रूप से प्रतिदिन श्रवण, कीर्तन, स्मरण आदि को प्राथमिकता देनी चाहिए। श्री प्रभुपाद ने श्री चैतन्य महाप्रभु के संकीर्तन क्रांति की फौज में सेनापति भक्त की भूमिका निभाते हुए धरातल पर हजारों इस्कॉन केंद्रों की स्थापना की है। जिसके द्वारा कोई भी भगवान राम के दिव्य नाम, भक्त, कथा, प्रसाद के माध्यम से अपार प्रेम और अपार कृपा का लाभ उठा सकता है। इस्कॉन धनबाद सारे धनबाद वासियों को अतः सारे आयोजनों में ऐसे ही दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ती संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

## डोमगढ़ शिव मंदिर से रामनवमी जुलूस निकाला गया

संवाददाता

**धनबाद ।** रामनवमी के अवसर पर डोमगढ़ शिव मंदिर से रामनवमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुख्य अतिथि के तौर पर फर्टिलाइजर वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सह धनबाद जिला कांग्रेस महामंत्री संतोष चौधरी उपस्थित थे। संतोष चौधरी को मंदिर प्रांगण में पगड़ी और गमछा देकर सम्मानित किया गया। साथ हीं ददन सिंह यादव को भी पगड़ी व गमछा देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद भव्य जुलूस निकाला गया। बता दें कि आचार संहिता का पालन करते हुए जुलूस निकाला गया। जुलूस में सैकड़ो की संख्या में युवा साथी लोग मौजूद थे। जुलूस काफी सुंदर और अच्छे तरीके से निकाला गया, जो



डोमगढ कॉलोनी घूमते हुए अटल चौक होते हुए गौशाला शिव मंदिर पहुंचा। जुलूस में मुख्य रूप से समाजसेवी ददन सिंह यादव मौजूद थे। जुलूस को सफल बनाने में मुख्य रूप से संजय राय, शमसुद्दीन खान, छोटे ठाकुर, नसरुद्दीन खान, सनी पासवान, दिलीप मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, राज बिहारी सिंह, उमेश बाल्मिकी, कुंदन कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे, जिन्होंने जुलूस को सफल करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। प्रशासन का भी काफी सक्रिय योगदान रहा।

## सुभाषितम्

**सही स्थान पर बोया गया सुकर्म का बीज ही समय आने पर महान फल देता है। - कथा सरित्सागर**

## सुप्रीम कोर्ट की बाबा रामदेव को फटकार

पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा। कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्यसांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी। गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फँस गया और इन दिनों जेल में है। यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहा मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्वर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय है। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है। दो अन्य बाबाओं का जिक्र जरूरी है। एक हैं श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने करियर की शुरूआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है। या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार-प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा। बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं। असली खेल शुरू हुआ कोविड-19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई वहीं बाबा रामदेव ने यह दावा किया कि उनकी कंपनी ने कोविड-19 के इलाज और उससे बचाव के लिए एक दवाई विकसित की है जिसका नाम है कोरोनिल। हमें यह भी बताया गया कि कोरोनिल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का अनुमोदन प्राप्त है। जब आयुष मंत्रालय ने इस दावे को चुनौती दी तो पंतजलि की ओर से यह कहा गया कि कोरोनिल ह्यडब्लूएचओ के मार्गनिदेर्शों के अनुरूप है। आयुष मंत्रालय ने कोरोनिल के बारे में दावों को सत्यापित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी कोरोनिल के कांबो पैक को बड़ी धूमधाम से दो केबिनेट मंत्रियों- डॉ। हर्षवर्धन और नितिन गडकरी, की उपस्थिति में जारी किया गया। हर्षवर्धन स्वयं एलोपैथिक डाक्टर हैं। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से यह जाहिर है कि वे भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के कितने अंधभक्त हैं। बाबा ने दावा किया कि कोरोनिल का परीक्षण मामूली से लेकर मध्यम श्रेणी के कोविड संक्रमण से पीड़ित लोगों पर किया गया और कोरोनिल का सेवन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उनका कोविड टेस्ट निगेटिव हो गया। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में किसी भी नई दवा को सामान्य उपयोग के लिए जारी करने के पहले उसका जैव रासायनिक विश्लेषण किया जाता है, पशुओं पर उसका परीक्षण किया जाता है और फिर समुचित आकार के नमूनों पर उसकी डबल ब्लाइंड ट्रायल की जाती है। कोरोनिल के मामले में इनमें से कुछ भी नहीं किया गया। अपनी व्यवसायिक सफलता से गदगद बाबा रामदेव ने गोदी मीडिया की प्रशंसा को कबूल किया।

### चिंतन-मनन

## सुखी जीवन के तीन सूत्र

**सुखी, स्वाभिमान एवं सम्मान के साथ जीवन जीने के तीन सूत्र हैं- उपयोगिता, भावना एवं कर्तव्य। उपयोगिता संबंधों को प्रगाढ़ करती है, भावना परिवार को मजबूत करती है और कर्तव्य घर, परिवार, समाज में एकता एवं समन्वय स्थापित करते हैं। उक्त प्रेरक विचार मुनि पुलकसागर महाराज ने प्रवचन माला में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उपयोगिता के बदले उपयोगिता, भावना के बदले भावना चाहिए, लेकिन कर्तव्य के बदले कुछ नहीं चाहिए। कर्तव्य तो निस्वार्थ भावना से किए जाते हैं। छोटी-सी भूल सदियों की सजा बन जाती है, इसलिए हमें जीवन सही और व्यवस्थित तरीके से जीना चाहिए। जिन माँ-बाप ने हमें खून दिया उन्हें बुढ़ापे में खून के आँसू बहाने पर मजबूर करना कायरता है। जिन्होंने अपने खून से हमे बड़ा किया उनके लिए खून बहा देना मानवता है, जबकि असहाय जीवों का खून बहा देना हिंसा और अमानवीयता है। भगवान राम ने कर्तव्य की खातिर सौतेली माँ के वचनों को स्वीकार कर लिया, क्या आप भी इतने कर्तव्यनिष्ठ होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं? अगर नहीं तो आपका जीवन सार्थक नहीं है। श्रवण कुमार अपने पुत्र होने का कर्तव्य बगैर किसी तर्क के निभाता है। कर्तव्य के पालन में तर्क नहीं समर्पण की जरूरत पड़ती है।**

## आज का राशिफल

**मेष :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कन्या :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**तुला :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्य भार बढ़ेगा।

**धनु :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**मकर :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मीन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से



आर.के. सिन्हा

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की सेवन सिस्टर्स या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है । पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

**प्रहलाद सबनानी**

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है। आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवनयापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न-भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है।

ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है। सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशु को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरुषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था।

सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्यौहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दशार्ते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है। तभी तो ब्रज की होली और कुम्भ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदूओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनैतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है। सनातन हिंदू धर्म बिलकुल ही कट्टरपंथी धर्म नहीं है। अन्य धर्मों की तरह इसमें किसी भी प्रकार का सामाजिक दबाव नहीं हैं।

इस धर्म में धार्मिक शिक्षा के लिए कोई भी जोर जबरदस्ती नहीं है जैसा कि कुछ अन्य धर्मों में होता है। हिंदू धर्म मानता है कि शिक्षा सभी तरह की होनी चाहिए केवल धार्मिक आधार पर शिक्षा देना उचित नहीं है। किसी भी बच्चे की शिक्षा में अगर संस्कार जुड़ जाए तो वह बच्चा बड़ा होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है और वह एक अच्छा इंसान बनता है। सनातन हिंदू धर्म में परोपकार की भावना होती है। अन्य धर्मों की तरह यह केवल अपने वर्चस्व के बारे में नहीं सोचता है। इंडोनेशिया जो कि एक मुस्लिम बहुल देश हैं वहां पर सनातन हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार आज भी पाए जाते हैं जिससे यह सिद्ध होता है कि यह देश हिंदू धर्म से कितना प्रभावित रहा है। मुस्लिम बहुल देश होने के बावजूद हिंदू धर्म का बहुत बड़ा प्रभाव यहां आज भी दिखाई देता है। मुस्लिम लोग भी अपना नाम हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर रखना पसंद करते हैं। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी नागरिक पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी को लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाता है। परंतु, आज प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बहुत से लोग अन्य धर्मों को छोड़कर स्वप्रेरणा से हिंदू धर्म अपना रहे हैं।

सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों को जितना सम्मान दिया जाता है उतना किसी भी अन्य धर्म में नहीं दिया जाता है। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा की जाती है। सनातन हिंदू धर्म में आस्था का मतलब है कि जीवन में उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता की ओर झुकाव। जहां भारत में सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की नाकाम कोशिश की जाती है वहीं रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, घाना, सूरीनाम जैसे देशों में हिंदू धर्म तेजी से फैल रहा है। सनातन हिंदू धर्म पूरी दुनिया को शांति का संदेश देता है। कई देशों में तो आज सनातन हिंदू संस्कारों का अनुपालन करते हुए विशेष गांव स्थापित किए जा रहे हैं। आयरलैंड में 22 एकड़ का एक हिंदू आइलैंड बन गया है। इसे हरे कृष्णा आइलैंड का नाम दिया गया है। यहां निवासरत समस्त नागरिकों द्वारा सनातन हिंदू धर्म के प्राचीन रीति रिवाजों का पालन बहुत ही सहजता के साथ किया जाता है। सनातन हिंदू धर्म के वैदिक नियमों को सदा सदा के लिए जीवित रखने के लिए यहां पर रहने वाले सनातनी हिंदू, मांस का परित्याग का शाकाहारी भोजन गृहण करते हैं।

# देश में समरसता का माहौल



बृजनन्दन राजू

भारत की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय 'तरुणाई' को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई,आदर्श मित्र,आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान, नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक, अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ, वेदवेदांग के ज्ञाता, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरूआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कीन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया।

राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। जंगल में वनवास के दौरान शूर्पणखा ने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। राम और लक्ष्मण दोनों शूर्पणखा का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। राक्षस राज रावण पंचवटी से सीता का हरण कर लेता है। वनवासियों के बल पर लंका पर चढ़ाई की। राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं। वनवासियों को संगठित कर अत्याचारी रावण का संहार किया। राम ने रावण के मारने के बाद लंका पर अपना राज्य स्थापित नहीं किया। विभीषण को लंका का राजा बनाया। लक्ष्मण से राम कहते हैं 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। मातृभूमि के प्रति ऐसी उत्कट निष्ठा राम रखते हैं। राम के जीवन की इन सब घटनाओं से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवक के प्रति कैसा अनुराग होना चाहिए यह राम और हनुमान के बीच प्रेम को देखना चाहिए। उनके जीवन में एक भी उदाहरण नहीं मिलता कि उन्होंने किसी सज्जन का विरोध या उपहास किया हो। उन्होंने जो भी किया देशकाल परिस्थिति के अनुसार किया।राम का समस्त निर्णय शास्त्र सम्मत और देशकाल सम्मत था।

राजा राम प्रजा के विचार को जानने के लिए आकुल रहते हैं। राज्य के निरीक्षण में वे अकेले भेष बदलकर निकल जाते हैं। वनवास से लौटने के बाद नागरिक अभिनंदन सभा में राम ने घोषणा की कि जो अनीति कछु भाखहु भाई। राम ने कहा कि मेरे राज्य में जो कुछ भी आपको अनुचित लगे उसको बिना भय के आप कहें क्योंकि लोक अपवाद से वह डरते नहीं हैं। आज के सत्ताधीशों को राम से प्रेरणा लेनी चाहिए। राम ने जंगल, महल, सुख दुख,निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की परवाह नहीं की। राजा को सत्य का आग्रही होना चाहिए। प्रजा के विचार को चिंतन में लाना चाहिए। इसका प्रमाण रामराज्य में मिलता है। रामराज्य में तर्क की पूरी छूट थी। समस्त कलाओं के प्रति वह आदर रखते थे। शील ,विनय और औदार्य में उनका कोई सानी नहीं है।

## दैनिक पंचांग

**18 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.23 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 07.07 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.05 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.19 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.35 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 17.57 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.12 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.28 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.33 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कुंभ | 02.20 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 03.53 बजे से |

गुरुवार 2024 वर्ष का 109 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2081
शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि दशमी 17.32 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा 07.57 बजे को समाप्त।
योग गण्ड 00.43 बजे रात्र को समाप्त।
करण गर 17.32 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 09.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 10° 55'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871953
जूलियन दिन 2460418.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल
तारीख 08

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक | |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# जय श्री राम, जय हनुमान से गुंजा पलामू



● रेहला में निकला राम नवमी का भव्य जुलुस
● राम रथ व राम दरवार की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला व आस-पास के दर्जनों गांव में रामनवमी का भव्य जुलुस निकला। जुलुस में राम भक्तो का शैलाब उमड़ पड़ा। पूजा-अर्चना के बाद रामनवमी का जुलुस रेहला महाबीर चौक से शुरू हुआ। जिसकी शुरूआत स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, ग्रासिम सीएसआर प्रमुख नितेश पांडेय,भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस के भावी विधायक प्रत्याशी अमृत शुक्ला, कांग्रेसी नेता बिजय चौबे, डां डीपी शुक्ला, डां बीपी शुक्ला, गामा चौबे, पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला, महेंद्र चौबे आदि ने श्रीराम दरबार रथ की पूजा अर्चना कर किया। जुलूस रेहला महावीर मंदिर से शुरू होकर रेहला रेलवे ओवर ब्रिज होते हुए थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक, बाबा योगिबिर देवस्थल, बी मोड़, डंडिला खुर्द, ग्रासिम इंडस्ट्रीज मुख्य गेट होते हुए रेहला शुक्र बाजार पहुंचा। जहां जय श्री राम के नारों के बीच जुलुस का समापन हुआ। जुलुस में शामिल सभी के जुबा पर एक ही नारा था, जय श्री राम, जय हनुमान। जुलुस में भव्य राम रथ व आकर्षक राम दरवार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। रामनवमी पूजा कमेटी ने कई गण्यमान लोगो को तिलक लगाते हुए अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर रंजीत सिंह, चंचल शुक्ला, साइमन मैथ्यू एस्ले, अशोक तिवारी, डीएन दुबे, प्रिंस शुक्ला, राजन मिश्रा, टिंकू शुक्ला, छोटू चौबे, संजू सिंह सहित हजारों लोग मौजूद थे।





## एक नजर

### पलामू जिला के कांग्रेसी नेताओं ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में आगामी 21 अप्रैल 2024 को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय रैली को लेकर बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि उलगुलाम न्याय महारैली के लिए पलामू जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस उलगुलान न्याय महारैली में भाग लेंगे और प्रभात तारा स्थित इस रैली में उपस्थित होकर महागठबंधन के तमाम नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के शीर्ष नेता आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़के आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के बातों को सुनकर इनकी बातों को जन-जन तक पहुंचने का काम कि जाएगा यह महा रैली से झारखंड की दिशा करेगी लोकसभा चुनाव में 14 के 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित होगी प्रदेश की जनता ने ठाना है की झारखंड से भारतीय जनता पार्टी को तड़ीपार किया जाएगा। बैठक में सोमेश्वर प्रसाद पूर्णिमा पांडे ओमप्रकाश अमन विनोद तिवारी समीम अहमद राइन अजय साहू जितेंद्र कमलापुरी कृष्ण मणि दुबे संनू खान देवांग शुक्ला विद्या सिंह चेरो इंदु भगत दीपक कुमार लाल नफीस खान रिजवान खान सैलेश कुमार सचितानंद शुक्ला संजीव सिंह जतरू उराव खुर्शीद आलम अनिल कुमार सिंह रविंद्र तिवारी इम्तियाज अली उमेश यादव प्रमोद यादव ललित कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### पलामू लोकसभा के लिये गुरुवार से होगा नामांकन, प्रशासनिक तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन गुरुवार से शुरू हो जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी गुरुवार से शुरू हो जाएगा। समाहरणालय परिसर स्थित पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल किया जाएगा। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी। वहीं निवार्ची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्षा में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी वहीं 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। 18 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है। इसी तरह नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसी तरह नामांकन के दौरान विधि- व्यवस्था के संधारण को लेकर समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर कुल छः दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में तीन घायल, हालत गंभीर

**पलामू।** पलामू के पाटन प्रखंड के लोईगा मुख्य पथ पर सड़क हादसा हुआ है। दो मोटरसाइकिल की भिड़े हुई है, जिसपर सवार तीन लोग घायल हो गए हैं। तीनों घायलों का इलाज मेदनीनगर में हो रहा है, जबकि लोईगा गांव निवासी ललन यादव के 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र यादव को गंभीर चोट लगी है, जबकि दो अन्य घायल रोहन कुमार (20 वर्ष) पिता मदन शाब व दीपू कुमार (20 वर्ष) पिता लालमोहन साव की हालत भी गंभीर है। ये घटना राजकुमार मिस्त्री नाम के शख्स के घर के सामने की बतायी जा रही है। किशनपुर के ओपी प्रभारी कुमार नीरज व मुखिया रंजीत कुमार यादव को घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे।

### पांकी : 35 सालों से मुस्लिम परिवार बना रहा महावीरी झंडा, बढ़ी डिमांड



**पांकी :** रामनवमी के मद्देनजर पांकी का मुस्लिम समुदाय महावीरी झंडा खूब बनाते हैं। एक माह से दिन-रात महावीरी झंडे बना रहे हैं। कारीगर युनूस खलीफा ने बताया कि महावीरी झंडा तैयार करने में अली हसन, समीम खलीफा, मुस्तकीम खलीफा सहित पूरा परिवार जुटा हुआ है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। झंडा सिलने की शुरूआत मरहूम दोष खलीफा के समय शुरू हुई। उसके बाद पूरा परिवार इस परंपरा को निभाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि दो साल पूर्व लॉकडाउन की वजह से हमलोगों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ा था। परंतु इस वर्ष अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से रामनवमी पर्व का उत्साह काफी है। झंडे की डिमांड भी बढ़ गई है। एक मीटर से लेकर चार पांच मीटर तक का झंडा तैयार किया जा रहा है।

## महावीर जी भवन पूर्णाहुती हवन समापन समारोह एवं भंडारे के साथ संपन्न

संवाददाता

**हुसैनाबाद/ पलामू।** जपला श्री महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के नेतृत्व में होने वाले चैत शुक्ल पक्ष नवाह परायण यज्ञ पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। नवाह परायण यज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा से शुरू होकर कलश स्थापना एंव नौ दिनों तकअनवरत रूप से चलने के बाद आज नौवे दिन हवन, समापन समारोह एवं भंडारे के साथ संपन्न हुआ।



इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक दिनेश कश्यप ,अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल,अजीत अग्रवाल,कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सचिव उत्तम कुमार, सहसचिव राजीव कुमार ठाकुर, मंदिर के वरिष्ठ सदस्य, कृष्णामुरारी अग्रवाल, पप्पू सोनी,अरविंद ओझा, अनिल प्रसाद गुप्ता, डा० मलय राय, मिंटू अग्रवाल, दिनानाथ सोनी, रामेश्वर राम उर्फ छठन जी, राजकुमार कश्यप, लोकनाथ केशरी, श्रवन अग्रवाल, पंकज कांस्कार, संतोष गुप्ता, अमित कश्यप, चंदन कुमार, यशराज(पायल) राजेश कुमार सिंह, बिनय शर्मा, संतोष पाल, अविनाश कुमार सिन्हा, दीपक भगत, पुजारी गोपाल पाठक, ऑपरेटर गुड्डू कुमार, सनी कुमार चंदेल, समाजसेवी सैनिक सुधिर कुमार सिंह उर्फ पप्पू कुमार सिंह किशन कुमार सभीभक्तगण एवं नगर वासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## रामनवमी : श्रीराम सेना ने सम्मान समारोह व भंडारा का किया आयोजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना ने सदर प्रखंड के सुआ स्कूल के पास सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व श्रीराम सेना ने विभिन्न पूजा समितियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया, सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, श्रीराम सेना के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, पंसस अजीत सिंह, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय समेत कई लोग मौजूद थे। समारोह में श्री राम सेना ने विधायक, थाना प्रभारी समेत विभिन्न पूजा समितियों को



सम्मानित किया। इसमें बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि ह्दया सिंह, रामकेरश चौरसिया, सुआ कौड़िया पूजा समिति के मुख्य संरक्षक उपाध्याय सिंह, शिक्षक रविंद्र सिंह, अनुप सिंह, संतोष प्रसाद साव, राहुल ठाकुर समेत कई लोगों का नाम शामिल है। इधर पूजा समितियों ने भी विधायक को तलवार, पगड़ी व शिल्ड देकर सम्मानित किया। सुआ क्लब को प्रथम, श्रीराम सेना को द्वितीय व युवा क्लब तेलियाबांध को तीसरा पुरस्कार मिला। तेलियाबांध युवा एकता कमिटी द्वारा अध्यक्ष अजय चौधरी को तलवार व गमछा देकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व कमिटियों द्वारा कई लोगो का स्वागत तौलिया, गमछा देकर किया गया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि भागवान श्रीराम के आदर्शों पर सभी को चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्म के बात आये तो सभी एकजुट होना चाहिए। रामनवमी पर्व असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है।

## पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर का राजद से इस्तीफा

संवाददाता

**पलामू।** छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है। किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है।

राधाकृष्ण किशोर मेदिनीनगर में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफा देने की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद अब एटूजेड और विकास के लिए सामाजिक भाईचारा की पार्टी नहीं रह गयी है। पलामू लोकसभा के संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा द्वारा समाज को बांटने वाले दिए गए बयान पर भी



किशोर आहत दिखे। साथ ही एटूजेड पार्टी बनाने में तेजस्वी यादव के असफल रहने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि फिलहाल वे किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति के लिए काम करेंगे जो पलामू-गढवा के विकास के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही जिसकी जीत से राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत हो वैसे उम्मीदवार को सपोर्ट करेंगे। किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने यह नारा दिया था कि हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों (एटूजेड) की पार्टी है।

## रामनवमी को लेकर एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में विभिन्न मार्गों पर किया फ्लैग मार्च

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** रामनवमी पर्व में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने हुसैनाबाद के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में सीआरपीएफ व जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। एसडीएम पीयूष सिन्हा ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के निर्धारित मार्ग में किसी तरह का परिवर्तन नहीं होगा। अधिकारियों ने जुलूस के मार्ग का भी निरीक्षण किया।

जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले अस्थायी अवरोध को हटाने का निर्देश संबंधित लोगों को दिया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि जुलूस के दौरान मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक



स्थलों के अलावा चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी के साथ जवान तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा कमेटी के पदाधिकारियों को सरकार और चुनाव आयोग की गाइड लाइन से अवगत करा दिया गया है। इसका पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ व एसडीपीओ ने बीती रात झारखंड बिहार बॉर्डर नबीनगर रोड में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया। उन्होंने देर सोमवार की देर शाम एसडीओ व एसडीपीओ ने हुसैनाबाद शहर के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण भी किया। रामनवमी अखाड़ा समिति के लोगों के साथ जुलूस को लेकर विचार विमर्श भी किया। उधर हैदरनगर के पुराना थाना से एसडीओ व एसडीपीओ के नेतृत्व ने फ्लैग मार्च निकाला गया।

जो मुख्य बाजार के विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः पुराना थाना के समीप संपन्न हो गया। इस बीच एसडीओ पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने रामनवमी जुलूस के मार्ग का भी निरीक्षण किया। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने जुलूस के दिन रेलवे गुमटी से बाजार जाने वाले पथ से मछली मुर्गा दुकान हटाने के साथ साथ अन्य अवरोधों को हटाने का निर्देश दिया। इस मौके पर हैदरनगर बीडीओ विश्वप्रताप मालवा के अलावा हैदरनगर थाना पुलिस मौजूद थे।

## सुविधा संपन्न लोगों को मुहैया कराया गया अबुआ आवास

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड में अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा धरातल पर अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है। अबुआ आवास योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद परिवारों को तीन कमरों का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन पंचायत के जिम्मेवार लोगों की निष्क्रियता के कारण गरीब व जरूरतमंद परिवार योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। विश्रामपुर प्रखंड का बघमनवां पंचायत जहां पंचायत के जिम्मेवार लोगों की मिलीभगत से सुविधा संपन्न लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया



गया। वहीं जरुरतमंद सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए इंतजार करते रह गए। ग्राम पंचायत में ग्रामसभा के माध्यम तैयार सूची को प्रखंड भेजा गया है। जिसके साथ छेड़-छाड़ भी किया गया है।

सूची के अगले क्रम में होने के बाद भी अबुआ आवास न उपलब्ध करा निचले क्रम वाले को दिया गया। ऐसे कई मामले सामने आए हैं।

बघमनवां पंचायत में पूजा देवी पति पंकज यादव व प्रमिला देवी पति रामप्यारी यादव को नियमों को ताक पर रख कर अबुआ आवास मुहैया कराया गया है। जबकि इनका सुव्यवस्थित पक्का मकान पूर्व से है। इतना हीं नहीं बघमनवां निवासी प्रेम यादव का

**प्रखंड को पंचायत में ग्रामसभा कर भेजी गई सूची में भी हुआ है छेड़-छाड़, पंचायत सेवक और स्वयं सेवक की मिलीभगत से पीएम आवास दिया गया**

सुव्यवस्थित आवास है फिर भी पंचायत सेवक और स्वयं सेवक की मिलीभगत से पीएम आवास दिया गया। सक्षम लोगों को योजना का लाभ किसी भी स्थिति नहीं दिया जा सकता। इतना हीं नहीं सरकार की ओर से इसके लिए गाइड लाइन जारी किए गए हैं। साथ हीं स्पष्ट निर्देशित है कि इस योजना के तहत उन जरूरतमंद लोगों को लाभ दिया जाएगा जिनके पास घर नहीं है।

इसके साथ हीं जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है या मिल रहा है। उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा सरकार की गाइड लाइन को ठेंगा दिखाते हुए योजना का लाभ दिया गया। जिसके पहले किश्त की राशि भी उसके खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। गलत तरीके से अबुआ आवास योजना का लाभ लेने की होड़ प्रखंड के सभी पंचायतों में मची है। मुखिया, पंचायत सेवक, स्वयं सेवक आदि खुलेआम राशि अपने स्तर से वसूल रहे हैं।

## झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का निधन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें 2016 उन्हें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इंसेक्ट की सूची तैयार की थी। जैव विविधिता पर लिखी उनकी पुस्तक 'स्पाइडर ऑफ झारखंड का विमोचन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खेलगांव में किया



था। मृत्युंजय शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई मेदिनीनगर के रोटरी स्कूल से हुई थी और उन्होंने मैंट्रिक की परीक्षा पलामू जिला स्कूल से 1983 में की थी। उनकी आगे की पढ़ाई हजारीबाग और दिल्ली में हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हजारीबाग में वन विभाग में नौकरी करने लगे। यहीं उन्होंने हजारीबाग से सौंदर्य को अपने कैमरे में कैद करना शुरू किया।

उनकी खींची हुई तस्वीरें जिला समाहरणालय समेत अनेक सरकारी इमारतों में लगी हैं। 2024 में उनकी तितलियों की तस्वीर के आधार पर हजारीबाग वन विभाग का कैलेंडर तैयार किया गया था। उनकी पत्नी कुसुमलता शर्मा अधिवक्ता हैं। पुत्री सौभाग्यम शर्मा कोरिया में भौतिकी में शोध कर रही है जबकि पुत्र दीप दिव्यम शर्मा क्लैट में चयनित होने के बाद भोपाल में वकालत की पढ़ाई कर रहा है।

## एक नजर

### बजरंगबली मंदिरों में फहराए गए महावीरी पताके



**भागलपुर।** जिले भर में रामनवमी का त्योहार बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार रामनवमी को लेकर आज पूरे जिले में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रामनवमी को लेकर कई जगहों पर भगवा ध्वज लहराया गया तो कहीं शोभायात्रा भी निकाले गए। भक्ति गीत से पूरा इलाका गूंजायमान होता रहा। मान्यता के अनुसार असुरों के राजा रावण को संहार करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में भगवान राम के रूप में सातवां अवतार दिया था। रामनवमी के अवसर पर शहर के कई कमेटियों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। लोगों ने हनुमान पताका भी मंदिरों में और घरों में लगाए। शहर के घंटाघर चौक, अद्भूत बजरंगबली, भीखनपुर, मुंदीचक, मिरजान, तिलकामांझी, साहेबगंज, खंजरपुर सहित जिले के विभिन्न बजरंगबली मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ध्वजा चढ़ाया। उधर जय श्री राम के जय घोष से पूरा शहर गूंजायमान रहा।

### दुकान में छापेमारी कर एक देशी कट्टा के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया आरएस थाना पुलिस ने चंद्रदेई वार्ड संख्या सात में तौसीफ आलम पिता -मो.कलीम के दुकान में बीती रात छापेमारी कर दुकान में छिपाकर रखा गया एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर छापेमारी की। मौके से ही आरएस थाना पुलिस ने आरोपी दुकानदार तौसीफ आलम को गिरफ्तार कर लिया।इस बात की जानकारी सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने बुधवार को दी।पुलिस गिरफ्तार किए गए दुकानदार से हथियार को लेकर आवश्यक पूछताछ कर रही है।

### लूट की योजना बना रहे तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, मादक पदार्थ की छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बीती रात लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। भागलपुर पुलिस को सूचना मिली कि प्रशस्तडीह से घोघा जाने वाले रास्ते में कुछ व्यक्ति हथियार के बल पर राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में मनीष शर्मा, सुजीत कुमार, पे०-स्व० चंदू किशोर मंडल और अंकित कुमार उर्फ बिक्की शामिल है। पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में छापेमारी दल विवेक जायसवाल थानाध्यक्ष सबौर, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, बिट्टू कुमार कमल और सशस्त्र बल सबौर थाना शामिल थे।

### लाखों की शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** लोकसभा चुनाव से पहले विधाननगर थाने की पुलिस लाखों रुपए की शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान असम के निवासी सहादुर अली और बिहार निवासी सचिन कुमार के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार देर रात गुप्त सूचना पर विधाननगर थाने की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग- 31 पर एक दस पहिया वाहन को जब्त किया। वाहन की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में शराब बरामद हुई। जिसे तस्करी कर असम से बिहार ले जाया जा रहा था। बरामद शराब का बाजार मूल्य छह लाख रुपये आंकी गई है। बाद में पुलिस ने चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया। विधाननगर थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुराने विवाद को लेकर फायरिंग, एक गिरफ्तार

**बनगांव।** पुराने विवाद की वजह से मंगलवार देर रात गाईघाटा इलाके में हुई फायरिंग के कारण इलाके में दहशत का माहौल है। घटना गाईघाटा थाना अन्तर्गत बकचरा इलाके की है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने बुधवार को सड़क जाम कर दिया। गाईघाटा थाने की पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि मंगलवार रात बकचरा इलाके में कुछ लोगों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा गया था। अचानक उनकी मुलाकात सनी नाम के एक युवक से हुई। सनी को देखते ही संदिग्ध लोगों ने सड़क पर पटक कर पिटाई कर दी। जब स्थानीय लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की तो गौतम नाम के बदमाश ने हवाई फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। फायरिंग के बाद बदमाश इलाके से फरार हो गए। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने बुधवार को सड़क जाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फायरिंग के आरोप में आरोपित गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटनास्थल से गोली का एक खाली खोल बरामद किया गया है।

# बंगाल में नहीं लागू होगा सीएए-एनआरसी

### टीएमसी की घोषणापत्र जारी

संवाददाता



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को कोलकाता के तृणमूल भवन में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी घोषणापत्र जारी किया। इस घोषणापत्र में 10 शपथ की बात कही गयी है। टीएमसी के घोषणापत्र को दीदीर शपथ पत्र (दीदी का शपथ पत्र) का नाम दिया गया है। टीएमसी घोषणापत्र में सीएए को रद्द करने और एनआरसी को समाप्त करने का वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में राशन समेत कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया गया है। बीपीएल परिवारों को साल में 10 मुफ्त रसोई सिलेंडर देने का वादा किया गया है। वहीं, घोषणापत्र में कहा गया है कि बंगाल में इंडिया गठबंधन टूट गया है, लेकिन केंद्र में गठबंधन सरकार का वादा किया गया है। कोलकाता स्थित टीएमसी कार्यालय में टीएमसी नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य, डेरेक ओ ब्रायन और अमित मित्रा ने जारी किया है। पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा ने कहा कि अगर तृणमूल गठबंधन भारत के साथ सरकार बनाती है तो वह इन सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। बंगाल में इंडिया गठबंधन टूट गया है, लेकिन केंद्रीय स्तर पर तृणमूल इंडिया गठबंधन के साथ है। केंद्र जानबूझकर बंगाल को वंचित कर रहा है। अमित मित्रा ने कहा कि अगर विपक्षी दल इंडिया केंद्र में सरकार बनाता है तो सीएए और एनआरसी को खत्म कर दिया जाएगा। उनकी पार्टी टीएमसी सभी धर्मों से प्यार करती है और नहीं चाहती कि लोग धार्मिक आधार पर बंटें. उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गुट जीतता है, तो राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी), नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और समान नागरिक संहिता नहीं होगी। हम सभी भेदभावपूर्ण कानूनों को रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता पूरे देश में लागू नहीं किया जाएगा। बंगाल की कन्याश्री परियोजना की तरह ही पूरे देश में लड़कियों को 1000 रुपए दिए जाएंगे तथा महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए और अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को प्रति माह 1200 रुपए दिए जाएंगे। घोषणापत्र जारी करते हुए मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि 100 दिन के काम के लिए 400 रुपए प्रति दिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। देश भर में हर किसी के पास अपना घर होगा और हर घर में राशन पहुंचा जाएगा। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे के परिवार के लोगों को 10 गैस सिलेंडर निःशुल्क दिए जाएंगे। हमारी प्रतिबद्धता है कि सभी की सामाजिक सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। अनुसूचित जाति के लिए उच्च शिक्षा और वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि की जाएगी। स्वामीनाथन आयोग द्वारा अनुशंसित न्यूनतम सब्सिडी मूल्य किसानों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु को ट्यूशन और छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति 25 वर्ष तक दी जाएगी। छात्रों को शिक्षा के अवसर के लिए क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल की कन्याश्री योजना के तर्ज पर पूरे देश में यह योजना लागू होगी और 10 लाख रुपए की बीमा योजना शुरू की जाएगी।

### कोलकाता के अधिक स्कूलों में छुट्टी

**कोलकाता।** शहर और उसके आसपास सीआईएससीई और सीबीएसई से संबद्ध कई निजी स्कूलों ने बुधवार को यानि आज रामनवमी के लिए छुट्टी की घोषणा की। कुछ स्कूल शनिवार, आमतौर पर छुट्टी के दिन कक्षाएं आयोजित करके उस दिन की भरपाई करेंगे। विभिन्न हिस्सों से जुलूसों के कारण छात्रों को होने वाली असुविधा को देखते हुए हावड़ा, हुगली और उत्तर 24 परगना के कई स्कूलों ने भी छुट्टी की घोषणा कर दी। मंगलवार को छुट्टी घोषित करने वाले स्कूलों में केवी, नारायण, बिड़ला हाई, सुशीला बिड़ला गर्ल्स स्कूल, श्री शिक्षायतन, इंडस वैली वर्ल्ड स्कूल, महादेवी बिड़ला, अभिनव भारती, अवर लेडी क्वीन ऑफ द मिशन्स, द बीएसएस, सेंट लॉरेंस शामिल थे। फ्रैंक एंथोनी और असेंबली ऑफ गॉड चर्च।

## धूमधाम से मनाई गई रामनवमी, भाजपा और तृणमूल नेता भी हुए शामिल

एजेंसी



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के सियासी दंगल के बीच पश्चिम बंगाल में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्राएं निकाली गईं। कुछ इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने और कुछ इलाकों में भाजपा नेताओं ने कई शोभायात्राओं की अगुवाई की और इनमें हजारों लोग शामिल हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,रामनवमी के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं। मैं सभी से शांति, सौहार्द कायम रखने की अपील करती हूं।ह्लह्ल विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शहर के न्यू टाउन इलाके में एक शोभायात्रा में भाग लिया जबकि तृणमूल के मंत्री अरूप रॉय और पार्टी के हावड़ा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रसून बनर्जी ने हावड़ा शहर में शोभायात्रा में शिरकत की। भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह ने बैरकपुर में रामनवमी के पर्व पर शोभायात्रा का नेतृत्व किया। इसके अलावा बांकुड़ा, पुरुलिया, दुगार्पुर, आसनसोल और राज्य के अन्य स्थानों में युवाओं ने जय श्री राम के नारों के साथ शोभायात्रा निकाली। इन यात्राओं में युवाओं ने हाथ में तलवारों की प्रतिकृतियां ली हुई थीं। प्रशासन ने हालांकि सार्वजनिक तौर पर हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन हावड़ा में शोभायात्रा के दौरान तलवारें दिखाई दीं। इस पर भाजपा उम्मीदवार रथिन चक्रवर्ती ने कहा कि रामनवमी के रीति-रिवाजों के अनुसार देवी की पूजा अस्त्र-शस्त्रों से की जाती है। यह परंपरा है और इसमें कुछ भी गैरकानूनी नहीं है। बर्दवान से भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष भी दुगार्पुर में शोभायात्रा में तलवार के साथ नजर आए। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पिछले दो दिन से आरोप लगा रही थीं कि भाजपा 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव से पूर्व दो समूहों के बीच झड़प के लिए रामनवमी उत्सव का इस्तेमाल करेगी और उनके पार्टी कार्यकताओं को परेशान करने के लिए एनआईए जांच का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से भाजपा के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया था। यादवपुर लोकसभा सीट से तृणमूल उम्मीदवार सायोनी घोष ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में शोभायात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण तरीके से पूजा-अर्चना में विश्वास करते हैं। हम बाहुबल दिखाने में विश्वास नहीं करते। बीरभूम से तृणमूल सांसद शताब्दी रॉय ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में शोभायात्रा का नेतृत्व किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता तन्मय भट्टाचार्य ने भाजपा और तृणमूल दोनों पर सांप्रदायिकता की राजनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया।

### प्रचार के आखिरी दिन कूचबिहार में तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला

**कोलकाता ।** उत्तर बंगाल के कूचबिहार में पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं पर हमले हुए हैं। तृणमूल नेता उदयन गुहा ने इसके लिए आरोप भाजपा पर लगाया है। कूचबिहार से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक हैं। यहां से तृणमूल कांग्रेस के विधायक उदयन गुहा ने आरोप लगाया है कि पार्टी के कैंपेन कार पर भाजपा के कार्यकताओं ने उस समय हमला कर दिया जब भेटागुड़ी इलाके में प्रचार अभियान चलाया जा रहा था।

प्रचार वाहन में मौजूद तृणमूल कार्यकताओं को भी मारा पीटा गया है। दावा है कि भाजपा के कार्यकताओं ने कथित तौर पर उन्हें मारा पीटा है। तृणमूल कांग्रेस के घायल कार्यकताओं को गंभीर अवस्था में कूचबिहार के दिनहाटा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में एक पुलिस शिकायत दर्ज हुई है और चुनाव आयोग को भी जानकारी दी गई है।

## रामनवमी पर मन्दिरों में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

एजेंसी

**नवादा ।** चैती नवमी के दिन बुधवार को राम जन्मोत्सव को लेकर नवादा नगर सहित जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ श्रद्धालुओं की जुटी रही। हनुमान पताका फहराकर भगवान श्रीराम का जन्म दिवस मनाया गया। नवादा नगर के प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जुटकर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। ढोल - बाजे के साथ रामनवमी के अवसर पर जुलूस भी निकाले गए ।भगवान श्रीराम की जन्मदिवस के अवसर पर बधाइयां गाई गई।मंदिरों में कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया।संकट मोचन के पुजारी ने प्रवचन करते हुए कहा कि इसी दिन भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में हुआ था। तब से चैत्र रामनवमी को ही भगवान राम का जन्म दिवस मनाया जाता रहा है ।आज से 7 दिनों तक राम जन्म दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया है ।इसमें सातों दिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारा आयोजित किया जाएगा।रामनवमी पर मंदिरों में पूजा-अर्चना को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ जय जय श्री राम का जय घोष किया।जिले में रामनवमी के अवसर पर रामभक्त हनुमान की श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवादा नगर समेत विभिन्न इलाकों में पूजा-अर्चना को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।रामनवमी पर मंदिरों में पूजा-अर्चना को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ को नियंत्रण के लिए सशस्त्र बल की तैनाती की गई थी।जिले में रामनवमी के अवसर पर रामभक्त हनुमान की श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। नगर समेत विभिन्न इलाकों में पूजा-अर्चना को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह होते ही लोग अपने परिवार के साथ मंदिर की ओर जाते दिखे। इस दौरान शहर के रामनगर स्थित चर्चित संकट मोचन मंदिर परिसर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## विकसित नवादा बनाने विवेक ने जारी किए संकल्प पत्र ,विकास एजेंडा की जारी की सूची

एजेंसी



**नवादा ।** नवादा के एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने विकसित भारत के साथ विकसित नवादा को लेकर बुधवार की दोपहर एक संकल्प पत्र जारी किया । जिसमें नवादा के रजौली में न्यूक्लियर पावर प्लांट ,केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सहित पांच दर्जन योजनाओं को पूरा करने का संकल्प दोहराया गया है। प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने अपने संकल्प पत्र में कहा है कि नवादा के रजौली में केंद्रीय न्यूक्लियर पावर स्टेशन बनाना था। जो अधर में लटका है ।इसे चुनाव जीतते ही पूरा कर दिखाएंगे ।उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से नवादा में केंद्रीय विद्यालय खोलने के गहमागहमी चल रही है लेकिन आज तक केंद्रीय विद्यालय नहीं खोला जा सका है । जिसे हम किसी भी कीमत पर पूरा कर दिखाएंगे। विवेक ठाकुर ने कहा कि नवादा के 45 वर्षों से लंबित चिरप्रतीक्षित अपर सकरी जलाशय योजना को पूरा करने के लिए बिहार- झारखंड सरकार के साथ केंद्रीय सरकार के बीच पहल कर इसे पूरा कराएंगे ।उन्होंने कहा कि नवादा शहर में पार्क बनाए जाने के साथही सभी चौक चौराहा पर शौचालय का निर्माण कराया जाएगा । उन्होंने अपने संकल्प पत्र में यह भी कहा कि नवादा जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में पार्क की व्यवस्था के साथ ही शौचालय का निर्माण कराया जाएगा ताकि आम नागरिकों को किसी भी परेशानियों का सामना न करना पड़े । उन्होंने कहा कि नगरपालिका के कचरे को शहर से बाहर रखा जाएगा तथा खुरी नदी को साफ सुथरा कर कर जल पलवित कर दिया जाएगा। जिससे नवादा शहर में वाटर लेयर गिरने की संभावना भी खत्म हो जाएगी तथा एक साफ सुथरा नवादा का भी निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नवादा तथा शेखपुरा जिले से सीधी दिल्ली के लिए तथा हर जगह के लिए ट्रेन की व्यवस्था कराई जाएगी । उन्होंने कहा कि नवादा से लेकर पावा पुरी तक रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा ।नवादा के ओढ़ांनपुर गांव से कादरगंज के लिए बाईपास बनाया जाएगा ।

## रामनवमी जुलूस के लिए कोलकाता में सुरक्षा कड़ी

संवाददाता



**कोलकाता।** रामनवमी के अवसर पर कोलकाता में निकाले जाने वाले जुलूसों को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कुल 2,500 पुलिसकर्मी, जिनमें सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी शामिल थे, दिन भर कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए सड़कों पर तैनात किए गए थे। वहीं, प्रत्येक पुलिस स्टेशन के सामने हेवी रेडियो फ्लाइंग स्क्वाड (एचआरएफएस) की एक यूनिट तैनात की गई थी, जो अपने स्थान के आसपास किसी भी परेशानी या तनाव वाले स्थान पर तुरंत पहुंचेगी और स्थिति को नियंत्रित किया था। सूत्रों ने कहा कि इसी तरह की सावधानी कोलकाता से सटे तीन पुलिस कमिश्नरी -- विधाननगर, हावड़ा और बैरकपुर के तहत आने वाले इलाकों में अपनाई किया गई है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) का कार्यालय भी नजर रखे थे। पश्चिम बंगाल के सीईओ आरिज आफताब ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि इस साल विशेष सुरक्षा इंतजाम हुआ। राज्य में संवेदनशील इलाकों की पहचान कर ली गई और वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई। याद दिला दें कि पिछले साल हावड़ा और हुगली जिलों में रामनवमी जुलूस पर हिंसा की दो अलग-अलग घटनाएं हुई थीं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी उन मामलों की जांच कर रही है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुबह एक बयान जारी कर राज्य के लोगों से रामनवमी के मौके पर सावधानी बरतने की अपील किये थे ।

# बिहार में दूसरे चरण की पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार

एजेंसी




**पटना।** बिहार में दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से भाजपा का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इन पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से 12 उम्मीदवार यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की पांच सीटों पर मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों में से 12 यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 9 यानी 18 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल उम्मीदवारों में 14 उम्मीदवार (28 प्रतिशत) करोड़पति हैं। दूसरे चरण में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.96 करोड़ रुपये है। दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल चुनावी हलफनामा के अनुसार जदयू के दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि इसमें एक पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद और कांग्रेस के 1-1 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें जदयू के मुजाहिद आलम व दुलालचंद गोस्वामी, राजद की बीमा भारती, कांग्रेस के अजीत शर्मा, एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक 41 मामले पूर्णिया के निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव पर दर्ज हैं। करोड़पति उम्मीदवारों की पाटीर्वार स्थिति देखें तो जदयू के सभी 5, कांग्रेस के सभी 3 और राजद के दोनों उम्मीदवार करोड़पति हैं। हालांकि, पार्टी के आधार पर उम्मीदवारों की औसत संपत्ति को देखें तो जदयू के सभी 5 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3 करोड़ 31 लाख 84 हजार, कांग्रेस की 30 करोड़ 2 लाख 94 हजार और राजद के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6 करोड़ 38 लाख 53 हजार रुपये है।

सबसे अधिक संपत्ति वाले उम्मीदवार की बात करें तो पहले नंबर पर भागलपुर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा हैं, जिन्होंने 54 करोड़ 51 लाख 51 हजार रुपये की संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की है। दूसरे नंबर पर कटिहार से तारिक अनवर की घोषित संपत्ति 19 करोड़ 60 लाख 57 हजार तथा तीसरे नंबर पर किशनगंज के मोहम्मद जावेद की संपत्ति 15 करोड़ 96 लाख 75 हजार रुपये है। सबसे कम संपत्ति वाले तीन उम्मीदवारों में कटिहार से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मरंग हंसदा हैं, जिन्होंने 8 हजार 878 रुपये की संपत्ति दिखाई है। इन उम्मीदवारों की शैक्षणिक स्थिति पर नजर डालें तो 50 में 16 उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 12वीं के बीच है। 26 की योग्यता स्नातक और इससे अधिक है। सिर्फ एक की योग्यता डिप्लोमा और एक ने डॉक्टर तथा सात उम्मीदवारों की योग्यता सिर्फ साक्षर है।

## पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा, 19 को होगा 38 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की चार सीट (औरंगाबाद, गया, जमुई ,नवादा) पर बुधवार शाम पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। बिहार की 4 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। पहले चरण में मैदान में 38 उम्मीदवार हैं, जिसके भाग्य का फैसला होना है। राजनीतिक दलों ने पहले चरण की चार सीटों पर अपनी कमर कस ली है। शुक्रवार 19 अप्रैल को बिहार की दो सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों गया, जमुई तथा दो सामान्य संसदीय क्षेत्रों नवादा तथा औरंगाबाद में मतदान होंगे। पहले चरण की चार सीटों पर गया में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी तथा पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत तो औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह तथा राजद के अभय कुशवाहा आमने-सामने हैं। जबकि, नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर, राजद उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा, निर्दलीय विनोद यादव तथा गुंजन कुमार समेत आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। जमुई में लोजपा आर के अरुण भारती तथा राजद की अर्चना कुमारी ताल ठोंक रहे हैं। एनडीए में जहां पांच दल भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम व रालोमो हैं वहीं महागठबंधन में छह दल-राजद, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, माले तथा वीआईपी हैं। दोनों गठबंधन आपस में बेहतर समन्वय बनाकर एक-दूसरे के वोट को ट्रांसफर कराने के प्रयासों में लगे हैं। पहले चरण की वोटिंग को लेकर राजग की बूथस्तर पर समन्वय समिति बनी है। नेताओं, राज्य सरकार के मंत्रियों की सभाएं लगाई जा रही हैं। नेताओं द्वारा क्षेत्र में कैम्प किया जा रहा है। वहीं महागठबंधन के दलों ने भी निचले स्तर पर अपने प्रमुख नेताओं की सूची आपस में साझी की है, ताकि ग्रासरूट तक एक बेहतर तालमेल बन सके। जदयू मुख्यालय में राज्यभर की चुनावी तैयारी की रिपोर्ट जिलों से ली जाती है। जदयू की चुनाव अभियान समिति हर घटना-कार्यक्रम पर नजर रखी हुई है। आवश्यकतानुसार जिलों को समिति के द्वारा दिशा-निर्देश भी जारी होते हैं।

## एक नजर

### एसपी ने किया चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण



**जमशेदपुर ।** एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग के द्वारा देर रात्रि सीमावर्ती राज्य एवं जिला के अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। साथ ही रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोवाली थाना अंतर्गत हल्दी पोखर टीओपी का औचक निरीक्षण कर ड्यूटी में पुलिस पदाधिकारी एवं बलों को ब्रीफ करते हुए पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

### धर्म परायण भगवानी देवी जैन अजमेरा की पुण्य तिथि मनाई गई



**झूमरी तिलैया ।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आज चैत्र शुक्ल नवमी दसलक्षण महापर्व के शुभ अवसर पर आज 17 अप्रेल को देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का प्रथम अभिषेक शांतिधारा अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ इसके पश्चात आज अशोक विनोद,सुनील, मुकेश, राज कुमार अजमेरा की मातेश्वरी श्री मति भगवानी देवी अजमेरा के पुण्यतिथि में विशेष पूजन अर्चना किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से इनके पुत्र अशोक-मंजू ,बिनोद ,सुनील ,मुकेश,राज कुमार अजमेरा कोडरमा के साथ समाज के उप मंत्री राज छाबड़ा,सुरेश झांझरी, सुशील छाबडा,प्रदीप छाबड़ा,सुशील पांड्या,मनीष सेठी ,वार्ड पार्षद पिंकी-नवीन जैन ,लालगोला से विजय छाबड़ा,राज कुमार छाबड़ा,विमल छाबड़ा,संतोष छाबड़ा,दिल्ली से अरुण-संतोष, दिग्विजय-लहर छाबडा, कोलकोत्ता से विभोर-रुचिका सेठी, बैंगलोर से पुनीत-निधि, अजमेरा, जयपुर से अशोक-मंजू ,सुमित-नेहा अजमेरा,गुवाहाटी से मनोज-आशा गंगवाल ,बाराबंकी से धीरज-सिंपी सेठी ,रांची से भाग चंद -पुष्पा अजमेरा,सुमेर-माधुरी अजमेरा, सुरेश-कमोद अजमेरा, हजारीबाग से अजित-किरण जैन, सिधौली से सुरेश-सरिता जैन और विशेष रूप से अर्हम ओर कथान्स अजमेरा ने अपनी पर दादी को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ कोडरमा समाज के उप मंत्री नरेन्द्र झांझरी ओर पूर्व मंत्री ललित सेठी ने भी अपनी श्रद्धांजलि देते हुवे कहा कि श्री मति अजमेरा बहुत ही धार्मिक महिला थी इनकी कमी को पूरा नही किया जा सकता है , इनकी माँ ओर पिताजी के संस्कार इनके परिवार में सदैव दिखता है ।

### कोल वाहन के चकमे से बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चपी गैस गोदाम के समीप बीते देर शाम हाइवा कोल वाहन के चकमे से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के मद्द से बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया जाता है की रामनवमी झंडा लेकर बारियातु के शानू भुइयां का पुत्र राजेश भुइयां 40 वर्ष गिद्धौर से घर लौट रहा था। इसी क्रम में एचपी गैस गोदाम के समीप कटकमसांडी की ओर से आ रहे कोल वाहन ने बाइक चालक को चकमा दे दिया। जिससे बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई।

### सोनिया चोपियाबागी में भंडारे का आयोजन



**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धुना पंचायत के में स्थित एकलौता दुर्गा मंदिर चौती दुर्गा मंदिर चोपियाबागी में बुधवार नवमी को भंडारे का आयोजन किया गया। चोपियाबागी में अष्टभुजी मां दुर्गा, गणेश, कार्तिकेय, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती व बजरंगबली की पूजा पूरे धूमधाम से की जाती है। पुरोहित मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि सबसे पहले यहां सोनिया, बलिया, एरकी व सिलाड़ के ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी के प्रतिमा पर पूजा किया जाता था। आज संगमरमर के माता दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती भगवान कार्तिक, गणेश व भगवान वीर हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर भव्य मंदिर बनवाया गया है। यहां लगभग चालीस वर्षों से नाटक का मंचन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, अमित कुमार सिंह, राजीव नयन पांडेय, बीरेंद्र कुमार सिंह, ससीकान्त सिंह, सैलेश कुमार सिंह, श्यामाकांत प्रसाद, सीताराम सिंह, बजरंगी सिंह, अभिषेक राजन, अंगद कुमार सिंह, आदेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

# रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है आपसी भाईचारगी के साथ मनाया गया

संवाददाता



**कोडरमा।** रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर,मरकच्चो, डोमचांच व कोडरमा प्रखंड एवं जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सभी दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद पाये गये। उपायुक्त स्वयं घूमकर रूट का मुआयना की और विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। अखाड़ा समिति के सदस्यों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की । उपायुक्त ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को तय रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की । उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सतत निगरानी रखें। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान माइकिंग के माध्यम से अपने वॉलिंटियर को मार्गदर्शित करते रहें और सभी वॉलिंटियर आईडी कार्ड के साथ रहेंगे। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को अग्रसारित करने से पहले सत्यता की पूर्णतः जांच कर लें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता अधिरोपित है, ऐसे में त्यौहार मनाने के दौरान इसका ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी को सजग और सतर्कता के साथ त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपस्थितिः उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, रिया सिंह, विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, अविनाश पुरेंदु एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसी के निर्देश पर नियंत्रण कक्ष की हुई स्थापना, चौबिसों घंटे रहेगी कार्यरत



**जमशेदपुर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है और जो चोबिसों घंटे कार्यरत रहेगी। साथ ही दूरभाष पर निर्वाचन से सम्बन्धित कोई भी शिकायत, सुझाव या फिर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से सम्बन्धित सूचना दी जा सकती है। जिसके लिए दूरभाष संख्या 0657-2440111, 0657-2221717 और 0657-2221718 भी जारी किया गया है।

## श्री राम मय हुआ शहर व गांव, सड़कों पर उमड़ी लोगों की भीड़, अखाड़ों ने निकाला जुलूस व झांकी

संवाददाता



**चतरा/सिमरिया/पत्थलगड़ा/इटखोरीः** मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर से लेकर गांव तक का माहोल बुधवार को राम मय हो गया। दोपहर में जिला स्वर्णकार संघ ने जिला मुख्यालय में झंडा जुलूस निकाला। जुलूस में संघ के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं समाज के प्रबुद्धजन शामिल थे। उसके कुछ देर के बाद विभिन्न क्लबों के सदस्य गाजे-बाजे के साथ केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में अस्त्र-शस्त्र की पूजा अर्चना करने के उपरांत जुलूस और झांकी निकालने की तैयारियों प्रारंभ हुई। शहर में दो दर्ज से अधिक अखाड़ों द्वारा जुलूस और झांकी निकाली जा रही है। झांकी को देखने के लिए शहर की सड़कों पर पुराना पेट्रोल पंप से लेकर अव्वल मोहल्ला काली मंदिर तक मुख्य सड़क पर लोगों का हुजूम जमा था। वहीं जय श्रीराम, जय हनुमान के जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। जुलूस को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था किए गए हैं। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। रामनवमी जुलूस को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने ड्रोन कैमरा का सहारा ले रही है। प्रखंडों में भी ड्रोन कैमरे से आसपास की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दुसरी ओर जुलूस के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए एसपी ने संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्त, सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन कैमरा से निगहबानी के साथ कुछ प्रशिक्षित जवानों को सादे वर्दी में भी तैनात किया है।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रशासन ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाया जाता है तो सूचना अविलंब प्रशासन को दें**

संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को जिला मुख्यालय में प्रशान द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आम लोगों को अफवाह एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने हेतु पूरे जिले वासियों को जागरूक किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने वाले से भी निपटने हेतु पुरी तैयारी से अवगत फ्लैग मार्च कर कराया गया। मार्च उपायुक्त आवास से प्रारंभ हुआ जो जतराहीबाग, केसरी चौक, पुराना पेट्रोल पंप, मारवाड़ी मोहल्ला, मेन रोड, काली मंदिर एवं पोस्ट ऑफिस चौक तक किया गया। आम जन से अपील किया गया कि सोशल मीडिया पर फैल रहे अफवाह पर ध्यान नहीं दें, अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जाता है तो उसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को दें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा की शांतिपूर्वक चतरा में मंगला जुलूस निकालकर अखाड़ा के प्रतिनिधियों के साथ शहरवासियों ने एक बेहतर संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व में किसी भी तरह का व्यवधान न हो इसे लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने पूरी तरह तैयारी कर रखी है। शहर के संवेदनशील इलाकों को चिन्हित करने के साथ जुलूस के निर्धारित रूट में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा के साथशहर के विभिन्न क्षेत्रों की नियमित ड्रोन से निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। चिन्हीत शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में दंडाधिकारी के साथ पुसि कर्मियों की भी तैनाती की गई है। उन्होंने शहरवासियों के साथ अखाड़ा प्रतिनिधियों से शांतिपूर्वक सरकारी निदेर्शों का अनुपालन करते हुए पर्व मनाने की अपील की है। वहीं एसपी श्री पांडेय ने कहा है कि रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर चतरा पुलिस पूरी तरह तैयार है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों के साथ मेंन रोड में पुलिस विभाग के द्वारा ईको कंपनी के साथ आईआरबी और बड़े पैमाने पर जिला बल के जवानों की तैनाती की गई है।

## हनुमत पाठ के साथ महावीरी पताकों का किया गया ध्वजारोहण

**जुलूस व मेले में उमड़ी भीड़, सुरक्षा के थे व्यापक प्रबंध**

संवाददाता



**पत्थलगड़ा/टंडवा/मयूरहंड।** श्री रामनवमी पूजा पर बुधवार को जिला मुख्याल के अलावे सभी प्रखंडों में लोगों ने अपने-अपने घरों में हनुमत पाठ के साथ महावीरी झंडा का ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पूरे विधि विधान के अनुसार हनुमान चालीसा का पाठ कर घरों, स्थानिय देवी मंडापों व महावीर स्थानों में महावीरी झंडा का ध्वजारोहण किया गया। अहले सुबह से हीं श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमान मंदिरों में उमड़ने लगी थी। जिले के विभिन्न मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ दिनभर लगी रही। वहीं मयूरहंड, इटखोरी, सिमरिया व टंडवा आदि प्रखंडों में दोपहर बाद झंडा जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल युवाओं ने जुलूस के दौरान एक से बढ़कर एक करतब भी दिखाए। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। जुलूस में विभिन्न गांवों में उठाए गए एक से एक गगन चुंबी झंड़े शामिल थे। झंडों को लोगों द्वारा सर्व प्रथम गांवों का भ्रमण कराया गया, इसके उपरांत सभी झंडो का मिलान किया गया। गांव भ्रमण के क्रम में जग-जगह झंड़ा की पूजा भी कि गई। वहीं जुलूस व आयोजित मेले में भीड़ नियंत्रण करने के लिए जिला मुख्यालय के अलावे मयूरहंड, पत्थलगडा, सिमरिया, गिद्धौर, प्रतापपुर, जोरी, टंडवा आदि थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। शहर के सभी संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बलों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### विभिन्न गांवों में निकाला गया झंड़ा जुलूस

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय को छोड़कर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में बुधवार को श्री रामनवमी पर झंडा जुलूस निकाला गया। झंडा जुलूस विभिन्न अखाड़ों द्वारा जय श्री राम व बजरंगबली के जय कारे के साथ निकाला गया। जबकि ढोल ताशा से के साथ डीजे साउंड पर राम भक्तों ने जमकर ठुमके भी लगाए। प्रखंड के बारियातु, गंगापुर, केंदुआ, पहरा, सिंदुआरी, मंझगांवा, पिंडारकोण सहित अन्य गांव में झंडा जुलूस व पेकसा एवं द्वारी में मनमोहक झांकियां निकाली गई। जबकि विभिन्न अखाड़ों में राम भक्तों ने जमकर अस्त्र-शास्त्र के साथ लाठी खेल का प्रदर्शन किया। बीच-बीच में जय श्री राम के नारे से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो रहा था। अंचल अधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खालको, रंजय सिंह, सुनील अशोक कुमार पांडेय के साथ प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों द्वारा लगातार गश्ती की जा रही थी।

## छोटा गोविंदपुर में बासंती दुगार्पूजा में शामिल हुए न्युवोको क्लस्टर हेड उमा सूर्यम



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** छोटा गोविंदपुर स्थित सामुदायिक विकास मैदान में श्री बासंती दुगार्पूजा समिति द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड (सीमेंट कंपनी) के क्लस्टर हेड ईस्ट उमा सूर्यम और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह व समाज सेविका पूर्वी घोष समेत अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की सुख, समृद्धि और शांति की कामना भी की। साथ ही प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। वहीं पूजा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए उमा सूर्यम ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के उत्साह को देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने इस अवसर की दोहरी महत्ता को समझा और जो साधारणतः आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही मायनों में समृद्धि लाता है। मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद थे।

## 3 लाख की अवैध नकली जहरीली शराब जब्त, दो गिरफ्तार

संवाददाता



**चतरा।** उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयरी टोला और राजपुर बाजार से उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के पर्यवेक्षण में छापामारी अभियान चलाकर करीब तीन लाख रुपये के अवैध जहरीली नकली शराब बरामद करने के साथ दो को गिरफ्तार किया है। दो पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अुनसार गिरफ्तार कैलाश दांगी और उसके पुत्र संजय दांगी फार्च्यून दुकान में नकली जहरीली शराब की तस्करी और निर्माण का धंधा संचालित करते थे। उत्पाद अधीक्षक श्री साहू ने बताया कि बिहार के गया में पहले चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने 17 से 19 अप्रैल शाम पांच बजे तक पूरे जिले में ड्राई डे घोषित कर रखा है।ऐसे में जिले में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर बाजार के एक फॉर्च्यून दुकान में अवैध तरीके से देशी व विदेशी शराब स्टॉक कर उसे बिहार में खपाने की तैयारी चल रही है। साथ ही अवैध रूप से नकली शराब निर्माण और पैकिंग किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद व सहायक उत्पाद निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय समेत पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें राजपुर बाजार में संचालित कैलाश दांगी के फार्च्यून दुकान में छापामारी कर अवैध रुप से स्टॉक किए गए किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी के बड़े पैमाने पर बियर के साथ विदेशी शराब जब्त किया गया। साथ ही मौके से गिरफ्तार दुकान संचालक ने पूछताछ में शराब के अन्य अवैध स्टॉक कोयरी टोला स्थित घर में रखे होने की बात कही। इसके बाद टीम ने उसके घर में भी छापेमारी कर घर से भी देशी विदेशी शराब और बियर की स्टॉक जब्त करते हुए अवैध कारोबार में संलिप्त उसके पुत्र संजय दांगी को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार कैलाश के दुकान और उसके घर से करीब एक लाख 80 हजार 960 रुपये का किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी का 1272 बोतल अवैध स्टॉक किया गया बियर व करीब 57 हजार रुपये का 261 बोतल में बंद करीब 61 लीटर 365 एमएल विदेशी शराब पकड़ा गया है। उत्पाद अधीक्षक ने आगे बताया कि अभियान के दौरान अवैध कारोबारी का मास्टरमाइंड पुत्र सत्येंद्र दांगी मौके से भाग निकला। फरार युवक पूर्व में भी अवैध शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।

## पूर्वी सिंहभूम जिले में अधिसूचना जारी करने की तिथि 29 अप्रैल हुई निर्धारित

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी नागरिकों और मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 9-जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी करने की तिथि 29 अप्रैल 2024 निर्धारित की है। जिसके आलोक में अपील है कि जो व्यक्ति 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके है या उससे अधिक है एवं मतदाता सूची में नाम निबंधित कराने की योग्यता रखते है। परन्तु उनका नाम मतदाता सूची में निबंधित नहीं है तो वे अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र 6 में अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बीएलओ/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (सम्बन्धित प्रखण्ड/कार्यालय में) से प्रपत्र (निःशुल्क) प्राप्त कर फोटोग्राफ एवं आवश्यक कागजात समेत भरकर उक्त नामित पदाधिकारी को/कार्यालय में जमा कर सकते है। या फिर वोटर हेल्पलाइन एप पर 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। पुनः अपील है कि आप अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जांच करवा लें, जिसके लिए आप वेबसाइट वोटर हेल्पलाइन एप एवं टोल फ्री नंबर - (0657) 1950 के माध्यम से अथवा अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बीएलओ/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय से भी जांच करा सकते है।

**09- जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की महत्वपूर्ण तिथियां :-**

अधिसूचना जारी होने की तिथि - 29 अप्रैल
नामांकन की अंतिम तिथि - 6 मई
स्क्रूटनी की तिथि - 7 मई
नाम वापसी की अंतिम तिथि - 9 मई
मतदान की तिथि - 25 मई
मतगणना की तिथि - 4 जून
चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने की तिथि - 6 जून

## एक नजर

### गांगुली ने अपनी किताब में पाक तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लेकर अहम खुलासे किये



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों से उनकी दोस्ती हुई। गांगुली के अनुसार इनमें वसीम अकरम, इंजमाम उल हक और शोएब अख्तर जैसे खिलाड़ी थे। गांगुली ने अपनी किताब वन सेंचुरी इज नॉट इनफ में भी इसका जिक्र किया है। सौरव के अनुसार, 2004 की भारत-पाकिस्तान क्रिकेट सीरीज के दौरान एक बार उन्होंने दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को रावलपिंडी के वनडे मैच से पहले रात 11 बजे अकेले गेंदबाजी का अभ्यास करते हुए देखा था जिससे उन्हें हैरानी भी हुई थी। पहले लगा कि वह बेहद गंभीर हैं। बाद में मुझे लगा कि हमने इस मैच से पहले हमने उन्हें पटरी से उतारने की बात कही थी शायद उसी के डर से वह अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस वाकये के साथ ही कई अन्य बातों के बारे में भी अपनी किताब में बताया है। सौरव ने इस किताब में लिखा पाकिस्तान के साथ इतने लंबे समय तक खेलने के दौरान मेरे कई दोस्त बन गए। वसीम, वकार, इंजमाम उल हक और शोएब अख्तर के साथ मेरा पहला सामना ईडन गॉर्डंस पर हुआ जहां उसने एक के बाद एक गेंदों पर सचिन और द्रविड़ को आउट करके भारतीय टीम को झटका दिया है।

### दो बार के टूर विजेता विन्गेगार्ड को 12 दिन बाद स्पेनिश अस्पताल से मिली छुट्टी



**मैड्रिड।** दो बार के टूर डी फ्रांस विजेता जोनास विन्गेगार्ड को 12 दिन बाद मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। विन्गेगार्ड इत्जुलिया साइकिल रेस के दौरान गंभीर रुप से चोटिल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें उत्तरी स्पेन के विटोरिया शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विन्गेगार्ड, जिन्होंने टूर डी फ्रांस के पिछले दो संस्करण जीते हैं, उनकी कॉलरबोन सहित कई पसलियां टूट गईं थीं और पिछले सप्ताह ऑपरेशन के बाद वे चिकित्सकों की निगरानी में थे। डच पेशेवर साइकिल रेसिंग टीम विस्मा-लीज ए बाइक ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर विन्गेगार्ड की एक तस्वीर के साथ एक संदेश प्रकाशित किया जिसमें लिखा था सभी को नमस्कार, अब मेरे लिए अस्पताल छोड़ने का समय हो गया है। संदेश में आगे लिखा गया मैं मेरी इतनी अच्छी देखभाल करने के लिए सभी मेडिकल स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। साथ ही मैं सभी को उनके नैतिक समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे बहुत सारे संदेश, उपहार और चित्र मिले हैं। हार्दिक धन्यवाद! अब फिर से पूरी तरह से ठीक होने का समय आ गया है।

### आईसीसी ने डेरेक अंडरवुड के निधन पर जताया शोक



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात आईसीसी हॉल ऑफ फेम डेरेक अंडरवुड के निधन पर शोक जताया है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर अंडरवुड का सोमवार को 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एक बयान में, आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने प्रसिद्ध बाएं हाथ के स्पिनर के कारनामों को याद किया और उन्हें अब तक के सबसे सटीक गेंदबाजों में से एक बताया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा डेरेक के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मैं आईसीसी में हर किसी की ओर से खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। डेरेक टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के सबसे सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक रहे हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार है। वह सूखी विकेटों पर अपनी तेज स्पिन गेंदबाजी से सबसे खतरनाक थे लेकिन अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने दिखाया कि जरूरत पड़ने पर वह अपनी गति में बदलाव कर सकते हैं। अंडरवुड ने 1966 से 1982 के बीच 86 टेस्ट मैचों में 297 विकेट और 26 वनडे मैचों में 32 विकेट हासिल किए।

# कोहली का ऑरेंज कैप और चहल का पर्पल कैप पर कब्जा बरकरार

## आईपीएल अंकतालिका में राजस्थान शीर्ष, केकेआर दूसरे नंबर पर

**कोलकाता। एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने सात मैचों में केवल एक जीत के साथ ही अंकतालिका में सबसे निचले पायदान पर है पर उसके अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सबसे अधिक रनों के साथ ही ऑरेंज कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। विराट ने अब तक 300 से अधिक रन बनाये हैं। कोहली ने 7 मैचों में कुल 361 रन बनाए हैं। जबकि रियान पराग 318 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान की तरफ से खेलने वाले यजुवेन्द्र चहल बटलर 12 विकेट लेकर पहले स्थान पर हैं और पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। चहल को मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से प्रतिस्पर्दा मिल रही है जिन्होंने अब तक 10 विकेट लिए हैं। वहीं टीमों की अंक तालिका की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स 12 अंक लेकर नंबर एक पर कायम है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने सात मैचों में केवल एक जीत के साथ सबसे निचले स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार के बाद उसका नेट रन रेट भी नीचे आया है।

राजस्थान रॉयल्स टूनामेंट में घर और बाहर दोनों जगह नियमित रूप से जीत हासिल की है। वे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए मजबूती से खड़े हैं। वहीं लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस अभी भी अंकों के मामले में पीछे हैं। केकेआर, सीएसके और सनराइजर्स हैदराबाद अगर तालिका में दूसरा स्थान सुरक्षित करना चाहते हैं और फाइनल के लिए जगह बनाना चाहते हैं तो उन्हें आने वाले मुकाबले जीतने होंगे।

## बांग्लादेश ने विश्व कप के लिए मुश्ताक को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**ढाका। एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व लेगस्पिनर मुश्ताक अहमद इस साल टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन-गेंदबाजी कोच होंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि मुश्ताक अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम की टी20 सीरीज से पहले तैयारी शिविर के लिए ढाका आएंगे। मुश्ताक अहमद ने बीसीबी के हवाले से कहा स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका के लिए उत्सुक हूं और अपने अनुभव को खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता हूं क्योंकि वे बहुत प्रशिक्षित हैं और मैं हमेशा मानता हूं कि वे सबसे खतरनाक टीमों में से एक हैं।

वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनके पास क्षमता, संसाधन हैं और प्रतिभा है। मैं टीम के साथ काम करने के अवसर से बहुत उत्साहित हूं। मुश्ताक ने रंगना हेराथ की जगह ली है, जो जून 2021 में शामिल होने के बाद से दो साल तक इस भूमिका में थे। मुश्ताक बांग्लादेश कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, बल्लेबाजी कोच डेविड हेम्प और तेज गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स सहित अन्य लोगों के साथ शामिल होंगे। स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में मुश्ताक का सबसे लंबा समय तब था जब उन्होंने 2008 से 2014 तक इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ काम किया। उन्होंने पाकिस्तान के लिए भी 2014 से 2016 तक गेंदबाजी सलाहकार के रूप में, और 2020 से 2022 तक स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया।

## छक्के और चौके लगाने में क्लासन और विराट कोहली अव्वल

**बेंगलुरु। एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छक्के और चौके लगाने के मामले में एक विदेशी ओर एक भारतीय क्रिकेटर सबसे आगे है। सनराइजर्स हैदराबाद के हैनरिक क्लासन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली सबसे आगे हैं। क्लासन ने अब तक सबसे अधिक 24 छक्के लगाये है जबकि रॉयल चैलेंजर्स के विराट के नाम 35 चौके हैं जिससे ये दोनो ही नंबर एक पर हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 19 छक्कों के साथ दूसरे जबकि सनराइजर्स के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 18-18 छक्कों के साथ संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर है।

वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15-15 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर है। वहीं चौके के मामले में विराट 35 चौके लगाकर नंबर एक स्थान पर हैं। वहीं रोहित शर्मा और ट्रैविस माइकल हेड 28-28 चौके दूसरे नंबर पर है। ॠतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन 25- 25 चौकों के साथ तीसरे, फाफ डु प्लेसिस 24 चौकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## केकेआर पर मिली जीत के बाद सैमसन ने की बटलर की तारीफ

**कोलकाता। एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली 2 विकेट की रोमांचक जीत के बाद, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज जोस बटलर की जमकर तारीफ की। बटलर को केवल 60 गेंदों में नौ चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई 107 रनों की शानदार नाबाद पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 178.33 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। जोस बटलर के सनसनीखेज शतक और रियान पराग (14 गेंद 34 रन 4 चौके और 2 छक्के) व रोवमेन पॉवेल (13 गेंद 1 चौका, 3 छक्का) के तेजतर्रार पारियों की बदौलत राजस्थान ने मंगलवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2024 में केकेआर पर दो विकेट से जीत हासिल की।

इस जीत के साथ राजस्थान 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है, उसने अपने सात मैचों में से छह में जीत दर्ज की है और 1 में हार मिली है। नाइट राइडर्स आठ अंकों के साथ (चार जीत और दो हार) दूसरे स्थान पर है। सैमसन ने मैच के बाद कहा, जीत से बहुत खुश हूं। हम खोए हुए विकेटों के बारे में सोच रहे थे। रोवमेन ने कुछ छक्के लगाए, और तभी हमें लगा कि हम खेल में हैं। कुछ किस्मत भी थी।

उनके स्पिन गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। यह मैदान उनके अनुकूल था। जोस ने पिछले 6-7 वर्षों में हमारे लिए जो किया है, वह शानदार है। इस मैच में उन्होंने वही किया, जो वह हमेशा हमारे लिए करते हैं। मैच की बात करें तो राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फिल साल्ट (10) को जल्दी खोने के बाद, सुनील नरेन के बेहतरीन शतक (56 गेंदों में 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 109 रन) अंगकृष रघुवंशी (18 गेंदों में 30, पांच चौकों की मदद से 30) और रिंकू सिंह (नौ गेंदों में 20, एक चौका और दो छक्के) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत केकेआर को 20 ओवरों में 6 विकेट पर 223 रन बनाया। राजस्थान के लिए आवेश खान और कुलदीप सेन ने 2-2 और चहल ने 1 विकेट लिया।

## अंडर-23 एशियाई फुटबॉल कप जापान ने चीन को 1-0 से हराया




**दोहा। एजेंसी**

कुरु मात्सुकी के शुरूआती गोल की मदद से जापान की 10 सदस्यीय टीम ने मंगलवार को यहां अंडर-23 एशियाई कप के ग्रुप चरण के पहले दौर में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज की। अंडर-23 एशियाई कप पेरिस ओलंपिक के लिए एक क्वालीफिकेशन टूनामेंट भी है। अंडर-23 एशियाई कप में शीर्ष तीन फिनिशर सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे, जबकि चौथे स्थान पर रहने वाली टीम अंतिम ओलंपिक स्थान के लिए प्ले-ऑफ में गिनी से भिड़ेगी। जापान ने मैच में जोरदार शुरूआत की और आठवें मिनट में ही कुरु मात्सुकी ने फुकी यामादा के क्रॉस पास पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, नौ मिनट बाद, जापान के डिफेंडर रयुया निशियो ने चीनी मिडफील्डर जिया फीफान के चेहरे पर कोहनी मार दी और रेफरी ने उन्हें खेल-विरोधी व्यवहार के लिए बाहर भेज दिया।

इसके बाद जापानी टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेली। बचे हुए समय में चीनी पक्ष ने अपनी संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाने की कोशिश की। चीन ने अधिक गेंद पर कब्जा जमाया और कई मौके बनाए, लेकिन वे 10-सदस्यीय जापानी टीम के खिलाफ बराबरी हासिल करने में विफल रहे। ग्रुप बी में जापान से पहला मैच हारने के बाद, चीनी अंडर-23 टीम को शुक्रवार और अगले सोमवार को दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

### धर्मशाली स्टेडियम हुआ अत्याधुनिक पहली हाइब्रिड पिच बनी : एचपीसीए



**मुम्बई।** खूबसूरत वादियों में घिरे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में अब देश की पहली अत्याधुनिक हाइब्रिड पिच भी बनायी गयी है। अब धर्मशाला स्टेडियम बीसीसीआई की मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम बन गया है जिसमें ये हाइब्रिड पिच बनायी गयी है। इस पिच पर आईपीएल के दो मैच भी खेले जाने हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा कि नीदरलैंड की एसआईएस ग्रास कंपनी ने ये पिच बनायी है। ये पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर रहेगी और इसका प्रदर्शन भी अच्छा रहेगा। साथ ही कहा ,ह्यह्य हाइब्रिड पिच तकनीक के आने से देश में क्रिकेट को काफी लाभ होगा। पारंपरिक सतहें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सामना नहीं कर सकती हैं और जल्दी खराब हो जाती हैं, जिससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के अवसर कम हो हो जाते हैं जबकि हाइब्रिड पिच लंबे समय तक चलती है इसलिए कोई परेशानी नहीं आती। वहीं एसआईएस कंपनी के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा ,ह्यह्यभारत में हमने अपने साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक पिच तैयार की है। इससे भारतीय मैदान पर क्रिकेट खेलना और बेहतर होगा।ह्लह्ल हाइब्रिड पिच में मैदान के अंदर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ फीसदी पोलीमर फाइबर भी होता है।

# कारोबार की खबरें

## इफको का नैनो यूरिया प्लस तीन साल के लिए अधिसूचित, कीमत 225 रुपये

**नई दिल्ली। एजेंसी**




केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने नैनो यूरिया प्लस को तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) का नैनो यूरिया प्लस उसके नैनो यूरिया का उन्नत फॉमूर्लेशन है। इसकी अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसानों को नैनो यूरिया प्लस मिलना शुरू हो जाएगा।

इफको के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. यूएस अवस्थी ने नैनो यूरिया प्लस की अधिसूचना जारी होने की जानकारी देते हुए कहा कि इफको का नैनो यूरिया प्लस (तरल) 16 फीसदी नाइट्रोजन ६/६ जो कि 20 फीसदी नाइट्रोजन ६/५ के बराबर है। इसको भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तीन साल के लिए अधिसूचित किया है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया प्लस की कीमत में वृद्धि नहीं की गई है। यह 225 रुपये की दर से 500 मिली, की बोतलों में उपलब्ध है। अवस्थी ने कहा कि नैनो यूरिया प्लस इफको का नैनो यूरिया का उन्नत फॉमूर्लेशन है, जो फसल विकास के महत्वपूर्ण चरणों में नाइट्रोजन की जरूरतों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता को बढ़ावा मिलेगा। अवस्थी ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को फायदा पहुंचाना और स्थाई पर्यावरण बनाना है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये,डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.54 डॉलर यानी 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ 89.48 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.59 डॉलर यानी 0.69 फीसदी लुढ़ककर 84.77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## रामनवमी पर बंद रहा शेयर बाजार

**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**



रामनवमी के अवसर पर अवकाश होने की वजह से बुधवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और जिंस बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में अब गुरुवार को कारोबार होगा। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) शाम 5 बजे के बाद कारोबार होगा। शेयर बाजार की साल 2024 के लिए जारी छुट्टियों की लिस्ट में 17 अप्रैल रामनवमी को आधिकारिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बंद रहा, जिसके कारण स्टॉक एकसचेंज में ट्रेंडिंग नहीं हुई। बीएसई के अनुसार इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी और करेंसी डेरिवेटिव्स और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सेगमेंट भी आज ट्रेडिंग के लिए बंद रहेंगे। इसके अलावा अधिकांश राज्यों में रामनवमी के मौके पर बैंक भी बंद है। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) पर कमोडिटी डेरिवेटिव सेगमेंट सुबह सेशन के लिए तो बंद रहेगा लेकिन शाम के सेशन के लिए खुलेगा। एमसीएक्स शाम 5 बजे के बाद खुलेगा और ट्रेडिंग होगी, जो रात में 11:55 बजे बंद होगी। गौरतलब है कि रामनवमी पर छुट्टी रहने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में बैंक बंद हैं।

## यूएनसीटीएडी ने 2024 में जीडीपी 6.5 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली। एजेंसी**



मूडीज रेटिंग्स और आईएमएफ के बाद संयुक्त राष्ट्र की संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (यूएनसीटीएडी) ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है। यूएनसीटीएडी ने मंगलवार देर रात जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ी है, जिसकी वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश ओर सेवा क्षेत्र की वृद्धि से प्रेरित रही है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, रेटिंग एजेंसी मूडीज और एशियाई विकास बैंक ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया है।

## एक नजर

### हवन के साथ मां के नवमी रूप सिद्धिदात्री की पूजा संपन्न



**कुजू।** सारूबेडा बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित दुर्गा मंदिर में दुर्गा माता की स्थापित मूर्ति के सामने मां की नवमी रूप सिद्धिदात्री की पूजा पुरोहित आचार्य मृत्युंजय पांडे एवं यजमान बने कुमार महेश सिंह के द्वारा मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान एवं हवन के साथ पूजा संपन्न हुई । पूजा के बाद जगत जननी जगदंबा की आरती की गई। इस अवसर पर श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक एवं यजमान बने कुमार महेश सिंह ने कहां की जगत जननी सब पर अपनी कृपा बनाए रखें यही मन से प्रार्थना करता हूं। आचार्य मृत्युंजय पांडे ने कहा कि जगत जननी जगदंबा की पूजा करने से सुख समृद्धि एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पूजा को सफल बनाने में मनोज मिश्रा, इंदल सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रकाश सिन्हा संतोष सिंह, धनंजय सिंह, राकेश सिंह, राजीव सिंह, प्रकाश महतो, रोजे करमाली सहित सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है ।

### माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा भंडारा के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में रामगढ़ सहित आस पास क्षेत्रों के लगभग पन्द्रह हजार श्रद्धालुओं ने मां वैष्णों देवी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में बासंती नवरात्रा बीते 9 अप्रैल को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो बुधवार को माता के अटूट भंडारा के साथ संपन्न हुआ। भंडारा सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जो शाम तक चला। इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे को सफल बनाने में पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव सहित बिरादरी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### पंडित विनोदानंद झा की 123 वीं जंयती पर कांग्रेसियों ने किया याद

**हजारीबाग ।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानंद झा की 123 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। जो मुख्य रूप से बैद्यनाथनाथ देवघर जिले के रहने वाले थे। जो अब झारखंड में है। उनकी शिक्षा कलकत्ता के अंतर्गत सेन्ट्रल कलकत्ता विश्वविद्यालय में हुई। वह फरवरी 1961 से अक्टूबर 1963 तक सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे। वह 1971 में बिहार दरभंगा निर्वाचन क्षेत्र से भारत की निचले सदन 5 वीं लोकसभा के लिए चुने गए। वह भारत संविधान सभा के सदस्य थे।
मौके पर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, अजय गुप्ता, कृष्णा किशोर प्रसाद, बाबर अंसारी, डॉ. भैया असीम कुमार, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, मुस्ताक अंसारी, सदरूल होद्दा आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी पूजा समिति कसिया टोला,बलसगरा में रामनवमी जुलूस निकाला



**गिद्दी।** श्री श्री रामनवमी पूजा समिति कसिया टोला,बलसगरा द्वारा रामनवमी पर भव्य जुलुस निकाला गया। इस मौके पर बच्चों द्वारा राम-सीता,लक्ष्मण और बजरंगबली का प्रतिरुप धारण कर कई आकर्षक झांकी निकाले गए। जय सियाराम जय श्री राम के नारे से पूरा ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। जुलुस का नेतृत्व सर्वेश कुमार सिंह जीप सदस्य डाडी भाग एक के द्वारा किया गया। इस मौके पर बसंत प्रजापति,अवधेश प्रजापति,भुनेश्वर प्रजापति,सचिव प्रमोद कुमार,कोषाध्यक्ष सतीश प्रजापति,नागेश्वर ,विशेश्वर प्रजापति,विजय प्रजापति,अरुण प्रजापति,केदार प्रजापति,ईश्वर प्रजापति, केदार प्रजापति, जयनंदन,धानेश्वर प्रजापति ,जगरनाथ प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने एसपी आवासीय कार्यालय में की बैठक

# प्रशासन के निर्देश व आचार संहिता का पालन करें

- सभी सदस्यों को उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सम्मान स्वरूप लाठी, पगड़ी सौंपा
- उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले अखाड़ों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानित



संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी 2024 को लेकर आज 17 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय परिसर में उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं पुलिसअधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में महासमिति के अध्यक्ष, विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों तथा पूर्व महासमिति के अध्यक्षों के साथ आपसी तालमेल एवं सहयोग हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अब तक के तैयारियों तथा विभिन्न महासमितियों के कर्तव्यों व दायित्वों के संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के तरफ से रामनवमी 2024 के बाबत विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रशासन हर संभव बेहतर रामनवमी सम्पन्न कराने को लेकर तैयार है ,इसलिए सभी सदस्यों को दिए गए दायित्वों व दिशानिर्देशों के अनुरूप मैत्रीपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने भी इस बार महासमितियों के द्वारा नशा मुक्त रामनवमी को लेकर किये गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर माहौल में रामनवमी मनाएँ प्रशासन हरसंभव आपके साथ है लेकिन माहौल बिगाड़ने वाले उपद्रवियों पर सख़्ती से निपटने की भी तैयारी कर ली गई है।हर घटनाक्रम व जुलूस को सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही विधि व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिसबल सादे लिबास में तैनात रहेंगे। उन्होने उपस्थित सभी अखाड़ा समितियों, महासमिति तथा पूर्व के अध्यक्षों को प्रशासन का सहयोग करने की अपील की
उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को लाठी व पगड़ी देकर सम्मानित किया
आपसी समन्वय को लेकर आयोजित बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी सदस्यों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए पगड़ी व लाठी देकर सम्मानित किया।उन्होंने सभी सदस्यों से प्रशासन की तरफ से सभी अखाड़ों को अनुशासित रखने का अनुरोध किया।आदर्श आचार संहिता का पालन एवं बेहतर तथा अनुशासित रहकर पूजा सम्पन्न कराने वाले अखाड़ों को जिला प्रशासन करेगा सम्मानितपुलिस अधीक्षक आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुए बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस बार भी जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता का पालन, बेहतर माहौल,अनुशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा जारीनिदेर्शों के अनुसार पर्व सम्पन्न कराने वाले समितियों को सम्मानित करेगा।

**चयन प्रक्रिया के मापदंड इस प्रकार है**

#झांकी का थीम व साज सज्जा।
#जिला प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का अनुपालन।
#अनुशासित व सहयोगात्मक तरीके से जुलूस का परिचालन।

# पतरातू में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुई अंबा प्रसाद

संवाददाता



**पतरातू ।** पतरातू में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुए। वहीं से पूर्व उन्होंने कई श्री राम नवमी अखाड़ों का दौरा कियो उन्होंने दिन बुधवार को लादी, चिकोर, मतकमा, देवरिया समेत विभिन्न अखाड़ों में पहुंचकर रामनवमी की ढेरों शुभकामनाएं दी एवं सभी समुदायों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की विधायक अंबा प्रसाद सभी अखाड़ा धारियों एवं स्थानीय लोगों को उत्साह बढ़ाने के लिए अंबा प्रसाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक अखाड़ा धारियों के बीच पहुंचने का कार्य कर रही है।

विधायक अंबा प्रसाद ने सौंदा बस्ती सरैया टोला मैं चैती दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में महानवमी पूजा में भी शामिल हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कोयलांचल अमित साव, छोटू साव, बलदेव राम, चंदन साव सहित कई लोग मौजूद थे। पतरातू में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए विधायक अंबा प्रसाद विधायक अंबा प्रसाद ने श्री राम नवमी के अवसर पर भुरकुंडा क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों का किया दौरा, दी रामनवमी की शुभकामनाएं पतरातू में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में विधायक सुश्री अंबा प्रसाद शामिल हुए। वहीं से पूर्व उन्होंने कई श्री राम नवमी अखाड़ों का दौरा कियो उन्होंने दिन बुधवार को लादी, चिकोर, मतकमा, देवरिया समेत विभिन्न अखाड़ों में पहुंचकर रामनवमी की ढेरों शुभकामनाएं दी एवं सभी समुदायों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की विधायक अंबा प्रसाद सभी अखाड़ा धारियों एवं स्थानीय लोगों को उत्साह बढ़ाने के लिए अंबा प्रसाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक अखाड़ा धारियों के बीच पहुंचने का कार्य कर रही है विधायक अंबा प्रसाद ने सौंदा बस्ती सरैया टोला मैं चैती दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में महानवमी पूजा में भी शामिल हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कोयलांचल अमित साव, छोटू साव, बलदेव राम, चंदन साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## राम का चरित्र एवं उनके किए गए कार्य मानव समाज को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है : महेश सिंह

संवाददाता





**कुजू।** मांडू प्रखंड के सीसीएल कुज्जू क्षेत्र के सारूबेडा पुराना हनुमान मंदिर में रामनवमी को धूमधाम से मनाया गया। इस क्षेत्र के प्रकांड विद्वान पुरोहित आचार्य जन्माष्टमी शंकर पांडे एवं उनके पुत्र नारायण पांडे ने संयुक्त रूप से रात्रि 12:00 बजे के बाद से ही विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ हवन को पूर्ण कर संपन्न कराया। हवन के बाद प्रभु श्री रामचंद्र की आरती एवं हनुमान जी की आरती की गई। यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह ने विधि विधान के साथ पूजन एवं हवन की, सभी भक्त श्रद्धालुओं के साथ आरती संपन्न हुई। इस संबंध में समाजसेवी एवं हनुमान मंदिर के संरक्षक कुमार महेश सिंह ने क्षेत्र के लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहां की अपने जीवन में श्री राम के चरित्र एवं उनके द्वारा किए गए कार्य मानव समाज को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम भी कहा गया है ' आचार्य रमाशंकर पांडे ने कहा कि मानव जगत को प्रभु श्री राम के रामायण एवं हनुमान के सुंदरकांड को अवश्य पढ़ाना चाहिए इससे मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि की वृद्धि होती है। रामनवमी कार्यक्रम को सफल बनाने में हनुमान मंदिर के अध्यक्ष आर दक्षिणी के मुखिया रोजे करमाली, उपाध्यक्ष पारस महतो एवं अशोक साव, सचिव अजय सिंह सह सचिव तेज प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज मिश्रा एवं इंदल सिंह, चंदा प्रभारी नवल महतो के अलावे सदस्य सुधीर सिंह, प्रकाश सिन्हा,प्रकाश महतो, संजय साव, सुजीत सिंह मनोज श्रीवास्तव, सोनू सिंह की प्रमुख भूमिका है ।

## झंडा महतो, जिन्होंने पबरा से शहर तक रामनवमी जुलूस का नेतृत्व किया

संवाददाता



**हजारीबाग।** 1932 में पबरा गांव से हजारीबाग शहर तक रामनवमी जुलूस निकालने की परंपरा झंडा महतो ने शुरू की थी, जिन्हें भेख लाल महतो के नाम से भी जाना जाता है। जुलूस को सफल बनाने के लिए झंडा महतो ने ढोल लेकर पबरा और आसपास के गांवों में प्रचार-प्रसार करके महीनों तक अथक प्रयास किया। आखिरकार, 1932 में पबरा से हजारीबाग शहर तक रामनवमी का भव्य जुलूस गाजे-बाजे, हनुमान जी की तस्वीर, एक लंबा झंडा, लाठी, डंडे, कुल्हाड़ी और भाले के साथ रोमी, पेलावल, इंद्रपुरी चौक, पैगोड़ा चौक और झंडा चौक जैसे विभिन्न स्थानों से होते हुए मुख्य क्षेत्र में पहुंचा। वहां हथियारों का प्रदर्शन और एक समारोह के बाद पबरा में वापसी जुलूस निकाला गया। झंडा महतो रामनवमी जुलूस के आयोजन को लेकर बेहद भावुक थे और हनुमान जी के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा थी। उनके उत्साह से प्रेरित होकर स्वर्गीय जानकी महतो, स्वर्गीय बलदेव महतो, स्वर्गीय रामलाल महतो, बंशी महतो और सीताराम महतो जैसे उनके मित्रों ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। रामनवमी जुलूस के आयोजन के लिए भेख लाल महतो का उत्साह और हनुमान जी के प्रति उनकी भक्ति इतनी प्रगाढ़ थी कि जब भी उन्हें मौका मिलता, वे ढोल और झंडा उठाकर जुलूस का प्रचार और आयोजन करने के लिए गांवों में निकल पड़ते। उनके समर्पण को देखते हुए लोग उन्हें झंडा महतो कहने लगे। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि आज रामनवमी जुलूस के लिए दर्जनों गांवों से पताकाएं हजारीबाग शहर में आती हैं।

## सिरका परियोजना की खुली खदान में ओबी लेकर हॉलपैक पलटा

- ऑपरेटर घायल, चिकित्सा के लिए नईसराय अस्पताल में कराया गया भर्ती
- घटना के बाद खदान क्षेत्र में मचा हड़कंप, पीओ, मैनेजर, सुरक्षा अधिकारियों का दल मौके पर पहुंचा,
- हॉलपैक को सीधा करने का किया जा रहा प्रयास



संवाददाता

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना खुली खदान में बुधवार संध्या करीब चार बजे कोयला डिपो के समीप हॉलरोड मोड़ पर ओबी ले जा रहा होलपैक(डंपर)न. बीमल 60404 एकाएक पलट गया। चालक ऑपरेटर ईश्वर तुरी ने हॉल पैक से कुदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने के बाद ऑपरेटर को चिकित्सा के लिए सीसीएल नईसराय अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज जारी है। जबकि प्रबंधन को सूचना मिलते ही सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, मैनेजर रमेश कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी एसके तिवारी समेत कई अधिकारी माईनिंग कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गए। साथ ही छोटे ग्रेडर और किराण के सहारे हॉलपैक(डंपर) को सीधा करने का कार्य किया जाने लगा। काफी मशक्कत के बाद बुधवार संध्या करीब 6 बजे होलपैक सीधा हो पाया। जानकारी के मुताबिक हॉल पैक संख्या बीमल 60404 बीते तीन दिन पहले ऑपरेटर सुशील पंडित के द्वारा चलाए जा रहा था। लेकिन कोयला डिपो के समीप ओबी डंप करने के बाद जैसे ही हॉलपैक हॉल रोड से नीचे जाने लगा। अचानक मोड़ के पास चारों चक्का होलपैक से अलग होकर खदान सड़क पर रुक गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दूसरी ओर जर्जर असुरक्षित हॉलपैक मशीन को प्रबंधन द्वारा बनवाने के बाद 17 अप्रैल को द्वितीय पाली में उत्पादन कार्य में लगाया गया। लेकिन पहले ट्रिप में ही हॉलपैक ने कोयला डिपो के समीप पलट गया। समाचार लिखे जाने प्रबंधन हॉलपैक उठाकर लीपापोती में लग गया है। कईयो को घटना स्थल पर जाने से रोका भी जा रहा है। वही ऑपरेटर ईश्वर तुरी की चिकित्सा नईसराय में चल रही है।हादसे के बाद से स्थानीय सिरका प्रबंधन के हाथ पांव फूलने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि भारी हॉलपैक जैसे मशीनों के कलपुर्जो में गड़बड़ी व जुगाड़ू तरीके से बनाकर उत्पादन कार्य में भारी मशीनों को लगाया जाता है। जिससे आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं होती रहती है। जबकि कामगारों की जान पर भी आफत्त बनी रहती है। सूचना मिलने के बाद बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के सिरका सचिव शत्रुधन बेदिया सिरका कोयला डंपिंग घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने प्रबंधन की लापरवाह व्यवस्था और खराब कलपुर्जों के सहारे भारी मशीनों को बनाने की बातें कही. कहा कि इससे कामगारों का जीवन कंपनी में योगदान देते हुए मुसीबत में पड़ जाता है, इसकी जवाबदेही प्रबंधन को लेनी होगी। दुर्घटना की जांच की मांग की गई है।

# ख्यातिपूर्ण रामनवमी जुलूस का अद्वितीय, खुशगवार नजारा

संवाददाता



**हजारीबाग।** साल 2024 का रामनवमी बेहद खास है। वर्तमान वर्ष रामलला टेंट में नहीं बल्कि अद्भुत, अलौकिक और भव्य श्रीराम मंदिर में पधार चुके हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के साथ संपूर्ण दुनिया रामलला के जन्मोत्सव को खास तरीके से मना रहा है। झारखंड राज्य के रामभक्तों के शहर के नाम से मशहूर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा आज देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते-नाचते-झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें-नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आंखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला-कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएँ गूंज उठती है। इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर-दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है।

हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनाये भी क्यों नहीं, यह उनका जन्मदिन का उमंग है, जो पापी, अत्याचारी और अधार्मिक व्यक्ति को भी सन्मार्ग पर लाकर श्रेष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं।

## गिद्दी सी रोड सेल में शिवजी व सैफुल की मनमानी के विरोध में मजदूरों और लेबर मुंशी की आवश्यक बैठक आयोजित

संवाददाता



**गिद्दी।** सीसीएल गिद्दी सी परियोजना के रोड सेल में शिवजी एवं सैफुल द्वारा अपने सहयोगियों को 5 गाड़ी साढ़े एग्जाम मुने लिखकर देने के विरोध और मनमानी के विरोध में वर्कर्स क्लब गिद्दी सी में मजदूरों और लेबर मुंशी के बीच एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बबिल राइन ने और संचालन मो. ताज द्वारा किया गया। बैठक में मजदूरों एवं लेबर मुंशी द्वारा किसी भी तरह का दंगल बढ़ोतरी का जमकर विरोध किया गया। इतना हीं नहीं अध्यक्ष और सचिव के इस तरह के मनमानी कार्यों की निंदा व विरोध करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।इतना हीं नहीं अध्यक्ष और सचिव का सर्वसम्मति से पूर्णतः वाहिष्कार किया गया।और बैठक में निर्णय लिया गया कि रोड सेल का कार्य पूर्व में जैसे लेबर मुंशी और मजदूरों द्वारा चलता था। उसी प्रकार से सुचारुरूप से चलता रहेगा।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी** द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी*** ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999